




# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज़

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो ज़िंदा रहे!


**विचार**

कर्म प्राथमिकताओं को व्यक्त करता है।
महात्मा गांधी

Vol. 11 Issue No. 21 Faridabad (NCR) Thursday, 01-15 December 2022 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 

## जम्मू-कश्मीर में 2022 में मारे गए 56 विदेशी आतंकी

**Jammu/Agency**

जम्मू-कश्मीर में इस साल यानी 2022 में सुरक्षा बलों ने 56 विदेशी आतंकियों को मार गिराया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छ्त्तक दिलबाग सिंह ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी रैंकों में शामिल होने वाले 102 स्थानीय युवाओं में से 86 का भी सफाया कर दिया।

आतंकवादी संगठन, पाकिस्तानी खुफिया ISI और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली एजेंसियों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस तरह के फरमान जारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस साल सुरक्षा बलों ने सबसे ज्यादा आतंकियों को मार गिराया है।

सिंह ने कहा कि जो लोग आतंकवाद का रास्ता चुनते हैं, उनका जीवन बहुत छोटा होता है। युवाओं आतंकवाद नहीं बल्कि शांति और समृद्धि का रास्ता अपनाना चाहिए। आतंकवाद अब आखिरी चरण में है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इनसे जुड़े ब्लॉग और वेबसाइट हमारी निगरानी में हैं। उनके खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

**डरने की जरूरत नहीं आतंकवाद का खात्मा होगा**

उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। यह उन लोगों की एक नियमित साजिश है जो शांति नहीं चाहते हैं और इससे नाखुश महसूस करते हैं। हम इस तरह की धमकी देने में शामिल सभी संगठनों को खत्म कर देंगे। सुरक्षा को लेकर सिंह ने कहा कि हम हर तरह की सावधानी बरत रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हर जगह सब कुछ ठीक होगा। हमारी सुरक्षा में कोई खामी नहीं होगी।

**आतंकवाद से निपटने के लिए सीमा बल सतर्क है**-सिंह ने कहा कि सीमा पार प्रशिक्षण शिविरों में अभी भी लोग हैं।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम : पहले ही साल भक्तों ने चढ़ाया 100 करोड़ से अधिक का चढ़ावा

**New Delhi/Agency**

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम ने अपने पहले ही साल में चढ़ावे के सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। मंगलवार को धाम के लोकर्पण की पहली वर्षगांठ है। पहली वर्षगांठ पर मंदिर में सुबह से हवन पूजन और विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। मंदिर प्रशासन की ओर से शाम को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। वहीं,बीते एक साल में देश-दुनिया से श्रीकाशी विश्वनाथ दरबार के दर्शन के लिए आये शिवभक्तों ने दिल खोलकर बाबा के दरबार में नकदी, सोना, चांदी और अन्य धातुओं का चढ़ावा चढ़ाया है। मंदिर प्रशासन के आंकलन के अनुसार चढ़ावे का कुल मूल्य 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का है।

**सोना, चांदी से भरा बाबा का दरबार**

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि धाम के लोकार्पण से अब तक श्रद्धालुओं द्वारा लगभग 50 करोड़ से अधिक की नकदी दान की गयी है। इसमें से 40 प्रतिशत धनराशि आनलाइन सुविधाओं के उपयोग से प्राप्त हुई है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा लगभग 50 करोड़ से अधिक की बहुमूल्य धातु (60 किलो सोना, 10 किलो चांदी और 1500 किलो तांबा) भी है। आस्थावानों द्वारा दिये गये सोना व तांबे का प्रयोग करके गर्भगृह की बाहरी एवं आंतरिक दीवारों को स्वर्ण मंडित किया गया है। अधिकारी के अनुसार 13 दिसम्बर, 2021 से लेकर अबतक श्रद्धालुओं द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक का अर्पण किया गया है, जो मंदिर के इतिहास में सर्वाधिक है। साथ ही गत वर्ष की तुलना में ये राशि लगभग 500 प्रतिशत से अधिक है।

सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि लोकार्पण के बाद से लेकर अबतक मंदिर में 7.35 करोड़ से अधिक



श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। बता दें कि धाम परिसर के चारों द्वार पर लगे हेड स्कैनिंग मशीन के जरिए नियमित अंतराल पर श्रद्धालुओं की गिनती की जाती है।

लोकार्पण के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ धाम आने श्रद्धालुओं की संख्या

महीना श्रद्धालुओं की संख्या
दिसंबर - 2021 4842716
जनवरी -2022 7459471
फरवरी - 2022 6856142
मार्च - 2022 7171163
अप्रैल - 2022 6587264
मई - 2022 6290511
जून - 2022 6916981
जुलाई - 2022 7681561
अगस्त - 2022 6711499
सितंबर - 2022 4013688
अक्टूबर - 2022 3830643
नवंबर - 2022 3870403
दिसंबर (1-12-2022 ह्रश 12-12-2022 ) 1350000
कुल 73582042

**चार से पांच साल में निकल जाएगा निर्माण का खर्च**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण और मुआवजा में तकरीबन 900 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। आने वाले समय में धाम में सुविधाओं के विस्तार से भक्तों की संख्या बढ़ना निश्चित है, जिससे शिवभक्तों की ओर से चढ़ावा भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि चढ़ावे के अलावा कॉरिडोर में बने भवनों से भी अतिरिक्त आय होगी। माना जा रहा है कि कॉरिडोर की लगात अगले चार से पांच साल में भक्तों के चढ़ावे और परिसर में नवनिर्मित भवनों से होने वाली आय से पूरी कर ली जाएगी।

**लोकार्पण के बाद बढ़ी हैं मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि लोकार्पण के बाद मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं में लगातार बेहतरी का प्रयास किया गया है। पेयजल व्यवस्था, छाया की व्यवस्था, मैट व अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुगम दर्शन व्यवस्था में 50 कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि साफ सफाई व्यवस्था में 200 कर्मियों एवं दर्शनार्थियों को बेहतर सुरक्षा एवं सुविधा देने के लिए 100 कर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावा लॉकर, हेल्प डेस्क स्थापित किये गये हैं। मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले वृद्ध व दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी है।

**विश्वनाथ धाम के कारण वाराणसी में बढ़े पर्यटक**

उन्होंने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम का नव्य भव्य स्वरूप होने के कारण वाराणसी में पर्यटकों व दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है। इसकी वजह से परिवहन, होटल, गेस्टहाउस, नाविकों, श्रमिकों, वस्त्र उद्योग, हेंडीक्राफ्ट व अन्य व्यवसाय से अर्थव्यवस्था भी रफ़्तार पकड़ रही है।

## तवांग मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने बुलाई बैठक, NSA डोभाल, CDS और विदेश मंत्री जयशंकर रहे मौजूद

**New Delhi/Agency**

बीती 9 दिसंबर को एलएसी के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक बुलाई। राजनाथ के आवास में बुलाई गई इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। रक्षा सूत्रों का कहना है कि सीडीएस अनिल चौहान ने राजनाथ को तवांग झड़प की जानकारी दी। अब राजनाथ लोकसभा में 12 बजे और राज्यसभा में 2 बजे बयान जारी करेंगे। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में 9 दिसंबर को हुई झड़प को लेकर सरकार गंभीर है। इस मुद्दे पर आज संसद में भी हंगामे के आसार हैं। संसद में राजनाथ सिंह इस बारे में सरकार की तरफ से बयान भी जारी कर सकते हैं। इससे पहले राजनाथ सिंह ने सीडीएस, सेना प्रमुख और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बड़ी बैठक बुलाई। एलएसी पर एक बार फिर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के बाद सरकार सीमा पर सुरक्षा को लेकर चिंतित है। तवांग में हुई झड़प में भारत के 6 जवान घायल हुए। उनकी हालत स्थिर है। जबकि इसमें चीनी सैनिकों की संख्या 15 बताई जा रही है। बैठक में सीडीएस



अनिल चौहान ने चीन के साथ एलएसी पर सुरक्षा स्थिति को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने उन्हें हाल ही में तवांग में दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच हुई झड़पों के बारे में अपडेट किया था।

**राजनाथ संसद में देंगे बयान**

राजनाथ सिंह तवांग मुद्दे पर सरकार का पक्ष संसद में रखेंगे। लोकसभा में वो दोपहर 12 बजे बयान देंगे। वहीं, राज्यसभा में दोपहर बाद 2 बजे वो बयान जारी करेंगे। दूसरी ओर आज संसद के

## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को सवाईमाधोपुर के जीनापुर से हुई शुरू

**New Delhi/Agency**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज राजस्थान में नौवें दिन सवाईमाधोपुर जिले में खंडार के जीनापुर से सुबह छह बजे बाद शुरू हुई।

गत सात सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा 97वें दिन मंगलवार को सवाईमाधोपुर जिले में चल रही है और इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के अन्य कई नेता एवं पदाधिकारी श्री राहुल गांधी के साथ चल रहे है। यात्रा में कांग्रेस के लोगों के साथ आम लोगों का भी काफी समर्थन मिल रहा है और इसमें भीड़ बढ़ती जा रही है। जीनापुर से शुरु हुई यात्रा करीब तेरह किलोमीटर चलकर दस बजे




**● गत सात सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा 97वें दिन मंगलवार को सवाईमाधोपुर जिले में चल रही है और इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के अन्य कई नेता एवं पदाधिकारी श्री राहुल गांधी के साथ चल रहे है।**

सूरवाल बाइपास पहुंचेगी जहां दोपहर का विश्राम होगा। विश्राम के बाद अपराह्न साढ़े तीन बजे से यात्रा फिर शुरू होगी।

सूरवाल बाईपास से दुब्बी बनास तक करीब नौ किलोमीटर चलेगी और दुब्बी बनास पहुंचेगी। इसके बाद दहलोद में यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। इससे पूर्व यात्रा के दोपहर विश्राम के समय श्री राहुल गांधी कई किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। वह यात्रा में समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों से मिल रहे है और उनसे संवाद कर उनकी पूरी बात सुन रहे है। इसके बाद वह यात्रा में साथ चल रहे मुख्यमंत्री से भी लोगों की समस्या हल करने का आग्रह करते है।

## हरियाणा में सीवर सफाई बड़ी चुनौती, 10 माह में 20 लोगों की मौत, सरकार ने जारी की एसओपी

**Faridabad/Alive News**

वैसे तो देश में सरकारें हाई तकनीकीकरण की बात करती हैं और बड़े-बड़े प्रोजेक्टों को मशीनों के माध्यम से करवाने में भी सफल है। लेकिन जब बात आती है सीवरेज की सफाई की तो सरकार की हाई तकनीकीकरण का दावा धरा का धरा रह जाता है।धरातल पर तो आज भी मजदूरों को सीवरेज में उतरकर ही सीवरेज की सफाई करनी पड़ती है। जिसके कारण कई मजदूरों की मौत भी हो जाती है। सरकार की तकनीकी मशीनों की बात तो केवल कागजों तक ही सिमित है। आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा में सीवरेज की सफाई के दौरान 10 महीने में 20 लोगों की मौत हुई है। यह चौंकाने वाले आंकड़े आने के बाद हरियाणा सरकार एक्शन में आई है। सीएम मनोहर लाल के निर्देश पर सीवर सफाई के कार्य को लेकर 19 पेज की एसओपी जारी की गई है।



**एसओपी में यह है नियम**

एसओपी जारी होने के बाद अब सीवर की सफाई के वक्त जहरीली गैस का पता लगाने के लिए मौके पर गैस मोनिटर होना आवश्यक है। इसके अलावा प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए डिटेक्टर लैंप, गीला एसीटेट पेपर या गैस डिटेक्टर मास्क का प्रयोग किया जाना जरूरी कर दिया गया है। सीवर सफाई में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों का ही प्रयोग करना होगा। सफाई के दौरान सभी जरूरी उपकरणों का होना अनिवार्य होना चाहिए। मैनुअल सफाई के दौरान मौके पर एंबुलेंस का होना जरूरी है। मेनहोल में प्रवेश के वक्त साइट पर 3 लोगों का उपस्थिति होना जरुरी है। कर्मचारियों के प्रवेश से एक घंटे पहले वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था करनी होगी।

## सरकार से फिर नए नामों की सिफारिश करेगा कॉलेजियम, इसी हफ्ते क्यों फाइनल करने की जल्दी

**New Delhi/Agency**

जस्टिस दीपांकर दत्ता सुप्रीम कोर्ट के जज बन गए। अब उनकी नियुक्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम एक बार फिर से नए नामों की सिफारिश सरकार से कर सकता है। हाल ही में सरकार ने कॉलेजिमय की ओर से सुझाए गए 19 नामों को खारिज कर दिया था और फाइल लौटाई थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नए नामों की सिफारिश ऐसे वक्त में की जाएगी, जब सरकार से जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर उसका टकराव चल रहा है।




इससे पहले उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम ने फैसला लिया था कि जस्टिस दत्ता के नाम पर मुहर लगने तक वह नए नामों की सिफारिश नहीं करेगी। दो महीने तक फाइल रोके रखने के बाद सरकार ने रविवार को ही जस्टिस दत्ता के नाम पर मुहर लगाई थी। अब इसी सप्ताह कॉलेजिमय में शामिल चीफ जस्टिस समेत 5 जजों की मीटिंग होगी और कुछ नए नामों की सिफारिश सरकार से की जाएगी। इस सप्ताह कॉलेजियम की एक से ज्यादा बैठकें हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में 19 दिसंबर से 2 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां रहेंगी। उससे पहले कॉलेजियम अपनी तरफ से जजों के नाम फाइनल करके सरकार के समक्ष भेजना चाहती है। इसके अलावा कॉलेजियम में शामिल जज अब्दुल नजीर का 4 जनवरी को रिटायरमेंट हो रहा है। यह भी एक वजह है कि कॉलेजियम मीटिंग जल्दी करना चाहती है। चर्चा है कि हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस और वरिष्ठ जजों को सुप्रीम कोर्ट में भेजे जाने के लिए 10 नाम सुझाए जा सकते हैं। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम एक मुस्लिम जज को भी उच्चतम न्यायालय में लाने की सिफारिश कर सकती है। 4 जनवरी को रिटायर होने वाले जस्टिस अब्दुल नजीर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में इकलौते मुस्लिम जज हैं। सोमवार को ही जस्टिस दत्ता के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 28 हो गई है, जबकि कुल क्षमता 34 की है। इस तरह उच्चतम न्यायालय में अब भी जजों के 6 पद खाली हैं। इसके अलावा 9 जज अगले साल और रिटायर हो रहे हैं। इस तरह आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट में कुल 15 नए जजों की जरूरत होगी। मौजूदा चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ कॉलेजियम के प्रमुख भी हैं, जो 10 नवंबर 2024 तक पद पर रहेंगे। उनके कार्यकाल के दौरान सुप्रीम कोर्ट में कुल 19 जजों की नियुक्ति की जाएगी।

# मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता राजा पटेरिया गिरफ्तार

**New Delhi/Agency**

पन्ना पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को मंगलवार सुबह 7:00 बजे दमोह जिले के हटा से गिरफ्तार कर लिया। पन्ना से पहुंची पुलिस टीम उनके आवास से गिरफ्तार कर उन्हें अपने साथ ले गई। इस संबंध में पटेरिया के खिलाफ सोमवार को पन्ना जिले के पवई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई थी। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने एक सभा में यह टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक तूफान मच गया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए, लेकिन ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जाएगा। कानून अपना काम करेगा। मोदी जी जनता के दिलों में बसते हैं। संपूर्ण देश की श्रद्धा और आस्था के केंद्र हैं। कांग्रेस के लोग मैदान में उनसे मुकाबला नहीं कर पाते हैं, इसलिए कांग्रेस के एक नेता मोदी जी की हत्या की बात कर रहे हैं। ये विद्वेष की पराकाष्ठा है, घृणा की अति है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कांग्रेस नेतृत्व से इस बयान के लिए माफी मांगने की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा था कि कांग्रेस का मोदी को गाली देने का इतिहास रहा है। पूर्व अध्यक्ष



सोनिया गांधी ने उन्हें मौत का सौदागर कहा था। वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनकी तुलना रावण से की थी। यह टिप्पणी हत्याओं की राजनीति को उजागर करती है, जो कांग्रेस शासन में फली-फूली थी। गौरतलब है कि राजा पटेरिया कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए नजर आए कि अगर संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो। इस वीडियो को भाजपा नेता राजपाल सिह सिसौदिया ने सोमवार को ट्विटर पर अपलोड किया था। बयान पर हंगामा मचने के बाद पन्ना के पवई थाने और जबलपुर के ओमती थाने में पटेरिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई हैं। पवई थाने में पटेरिया के खिलाफ लोक शांति भंग करने के लिए प्रेरित करने, उकसाने और धमकाने सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पटेरिया ने यह बात पवई के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कही थी।

कांग्रेस ने पटेरिया के बयान से किनारा कर लिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी ने कहा है कि पटेरिया ने ऐसा बयान दिया है तो निंदनीय है। कांग्रेस हिंसा का कभी समर्थन नहीं करती। एआईसीसी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा है कि यह निंदनीय है। प्रधानमंत्री या किसी के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



# मनोविज्ञान की फील्ड में बना सकते हैं करियर

मनोविज्ञान का क्षेत्र है, जिसमें प्रत्येक आयुवर्ग के लोग विशेषज्ञता हासिल कर अपना करियर बना सकते हैं। इसमें मानव मन और व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। मसलन, मस्तिष्क तनाव में कैसे काम करता है, यह कैसे भाषा सीखता है, तथ्यों को कैसे याद रखता है या किसी भी तरह की मानसिक बीमारी इसके काम करने के तरीके को कैसे प्रभावित कर सकती है। इस सेक्टर में विशेषज्ञता और रुचियों के आधार पर मनोविज्ञान डिग्री धारकों के लिए कई अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं, जो कि इस प्रकार हैं-

- मनोविज्ञानी
- मनोचिकित्सक
- समाज सेवक
- काउंसलर
- शैक्षिक मनोवैज्ञानिक
- मानव संसाधन प्रबंधक
- अध्यापक
- अनुसंधान भूमिकाएं
- मीडिया भूमिकाएं
- मनोविज्ञान में करियर

मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद छात्र पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, मेंटल हेल्थ स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करियर बना सकते हैं। यहां पर वे सलाहकार, अनुसंधान-आधारित, उपचार-आधारित या चिकित्सीय की भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा मीडिया और अन्य रचनात्मक फील्ड में नौकरियों सहित मनोविज्ञान स्नातकों के लिए कई ऑप्शन भी हैं।

## चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक

एक चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक के तौर पर आप व्यावसायिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। यहां आप सभी पृष्ठभूमि के लोगों, रोगियों और क्लाइंट के साथ काम कर सकते हैं। इसके अंतर्गत आप कुछ मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर बेहतर ढंग से समझने और सलाह देने के लिए आप व्यवहार, विचारों और भावनाओं का विश्लेषण कर सकते हैं। हालांकि यदि आप मनोचिकित्सक बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको मेडिकल डिग्री हासिल करने की आवश्यकता होगी।

## मनोचिकित्सक

एक मनोचिकित्सक के तौर आपको व्यक्तियों, जोड़ों, समूहों या परिवारों के साथ काम करता होगा। जिससे आप अपने क्लाइंट्स को भावनात्मक और रिश्ते से संबंधित मुद्दों, तनाव और यहां तक कि व्यसन सहित मनोवैज्ञानिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सके। इनमें संज्ञानात्मक व्यवहार विधियां, मनोविश्लेषणात्मक और मनोगतिक चिकित्सा, साथ ही कला चिकित्सा, नाटक चिकित्सा, ह्यूमनिस्टिक और एकीकृत मनोचिकित्सा, सम्मोहन-मनोचिकित्सा और अनुभवात्मक चिकित्सा शामिल हैं।

## समाज सेवक

एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपको ऐसे लोगों की स्थितियों में सुधार लाने के लिए काम करना होगा, जो अपने जीवन में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ये कोई भी हो सकते हैं जैसे बच्चों या बुजुर्गों का या ऐसा ही अन्य कोई ग्रुप, विकलांग लोगों और अपराध और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों सहित अन्य कई।
सामाजिक कार्यकर्ता स्कूलों, घरों, अस्पतालों या अन्य सार्वजनिक एजेंसियों के भीतर काम कर सकते हैं।

## काउंसलर

एक काउंसलर लोगों को उनके जीवन, भावनाओं और अनुभवों के साथ बेहतर तरीके से सामंजस्य बिठाने में मदद करता है। यहां पर क्लाइंट की बातों को ध्यान से सुनना एक काउंसलर के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। एक काउंसलर में सुनने, सहानुभूति देने, सम्मान और धैर्य प्रदान करने की क्षमता साथ विश्लेषण करने की क्षमता होनी जरूरी है, ताकि क्लाइंट को उनकी स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में सक्षम बनाया जा सके। एक काउंसलर अक्सर विवाह और परिवार, स्वास्थ्य, दुर्व्यवहार, पुनर्वास, शिक्षा, दुख, मानसिक स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन और बाल रोग सहित अनेक क्षेत्र शामिल हैं।

## शिक्षा में मनोविज्ञान करियर

मनोविज्ञान कोर्स के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र में भी जा सकते हैं। यहां आप शिक्षा के साथ-साथ शैक्षिक चिकित्सा, शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा के भीतर सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान स्नातक प्राथमिक, माध्यमिक या कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्तर की शिक्षा में काम कर रहे शिक्षकों के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा जेल के अंदर के युवा अपराधियों को ठीक करने के लिए काम कर सकते हैं। वहीं महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में करियर में प्रवेश करने के लिए आपको मास्टर / पीएचडी योग्यता की आवश्यकता होगी। उच्च शिक्षा के अंतर्गत आप शिक्षण या रिसर्च दोनों ही क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

## रिसर्च में करियर

मनोविज्ञान के तौर पर आप रिसर्च एजेंसियों, पब्लिक और प्राइवेट ऑर्गनाइजेशन या विश्वविद्यालयों में रिसर्च कर सकते हैं। सभी क्षेत्रों के भीतर रिसर्च करियर और भी व्यापक हैं, इसमें सरकारी नीति विकास या उद्योग के लिए काम कर सकते हैं। आप एक चैरिटी या अन्य गैर-लाभकारी संगठन के लिए भी काम कर सकते हैं जो भाषण बाधाओं, मस्तिष्क क्षति, बाल विकास या मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर कानूनी और अवैध दवाओं के प्रभाव जैसी चुनौतियों को हल करने के लिए रिसर्च कर रहे हैं।

## मीडिया और विज्ञापन करियर

मनोविज्ञान डिग्री होल्डरों के लिए मीडिया में भी विविध करियर हैं। मनोविज्ञान स्नातक मानव व्यवहार को लेकर कंपनी के लिए कई महत्वपूर्ण बातें बता सकते हैं। साथ ही समस्याओं का विश्लेषण करने, ध्यान से सुनने, प्रतिक्रिया देने और सहानुभूति और कारण के साथ कार्य करने की क्षमता प्रदान कर सकते हैं। इस वजह से, प्रबंधन, उत्पादन, शेड्यूलिंग और लेखन सहित सभी विभागों के भीतर मनोविज्ञान स्नातकों की मांग होती है।

## मानव संसाधन और संचार करियर

मनोविज्ञान की डिग्री के साथ ह्यूमन रिसोर्स और कम्युनिकेशन करियर भी एक अच्छा विकल्प है। पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध इन भूमिकाओं में कर्मचारी संतुष्टि, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण, भर्ती, पीआर, पेरोल और आंतरिक संचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

**इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए।**



# इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते हैं क्या है प्रवेश प्रक्रिया

अगर आप भी इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। यह 3-5 साल का कोर्स होता है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध, और विभिन्न देशों के बीच सम्बन्ध के कारकों और पहलुओं का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है। अगर आप भी इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी करके राजनयिक के तौर पर काम करना चाहते है तो आइये जानते है इसमें नामांकन के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिये।

## योग्यता

- संबंधित विषय में एम फिल की डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार के पास मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाएं आयोजित कराई जाती है।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट दी जाती है।
- यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं भी आयोजित की जाती हैं।
- प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार होता है अगर आपने उसमें अच्छा स्कोर किया तो आपको स्कॉलरशिप भी मिल सकती है।

## रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज के लिए भारत के टॉप कॉलेजों द्वारा अपनाई जाने वाली एडमिशन प्रोसेस इस प्रकार है

- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाने के बाद आवेदन फॉर्म भरें।
- फार्म को ध्यान से भरें नहीं तो आपका फार्म रिजेक्ट हो सकता है
- सभी दस्तावेज जो भी मांगे गए है उनको अपलोड करिये।
- ऑनलाइन फॉर्म की फीस जमा करें।
- फार्म को सबमिट करें।

## प्रवेश परीक्षा

अगर आप किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहते है तो प्रवेश परीक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद एडमिट कार्ड जारी किये जाते है। जिनमे परीक्षा की सारी जानकारी होती है। प्रवेश प्रक्रिया सीएसआईआर यूजीसी नेट, एसआईयू पीईटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पीईटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम पर निर्भर करती है।

## प्रवेश प्रक्रिया

परीक्षा परिणाम के लिए आप वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में सफल होने के बाद डॉक्टरेट स्तर पर इंटरनेशनल स्टडीज का अध्ययन करने के लिए एडमिशन दिया जाता है।

## पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज- सिलेबस

- एडवांस्ड थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन
- एडवांस्ड रिसर्च मेथेड
- फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशन
- थिसिस
- शांति और संघर्ष अध्ययन

## देश के कुछ टॉप कॉलेज

- झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय
- सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे
- लाजपत राय लॉ कॉलेज
- शिव नादर विश्वविद्यालय
- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
- रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- कलिंग विश्वविद्यालय
- पंजाब विश्वविद्यालय
- पी.पी. सवानी विश्वविद्यालय
- यूएनओएम, मद्रास विश्वविद्यालय
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय

**क्रिएटिव राइटिंग सिर्फ शौक ही नहीं, करियर भी बन सकता है। इसी के साथ जुड़ा हुआ है एक और करियर, जो है ट्रांसलेटर यानी अनुवादक का। इसके लिए तो अनेक संस्थानों में काफी स्कोप रहता है।**



# करियर भी बना सकता है क्रिएटिव राइटिंग का शौक

## कहां है मांग?

रेलवे, बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) आदि में अनुवादकों की अच्छी डिमांड रहती है। आप चाहें, तो फीलांसर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं इंटरप्रेटर के रूप में खुद को तैयार करके आप विभिन्न देशों के दूतावासों तथा विदेशी कंपनियों में जॉब पा सकते हैं। यह एक दिलचस्प जॉब है, जिसमें हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। अभ्यास बहुत जरूरी लेखक बनने का हुनर कई लोगों में जन्मजात होता है मगर इस हुनर को मांजना बहुत जरूरी है। हर लिखने वाला प्रभावशाली नहीं होता। अगर आप भी बतौर क्रिएटिव राइटर करियर बनाना चाहते हैं, तो सरल, सहज और प्रभावी लिखने का अभ्यास करते रहें। पुराने क्लासिक्स से लेकर नए, प्रमुख लेखकों की किताबें तथा पत्र-पत्रिकाओं मे छपने वाले उनके कॉलम जरूर पढ़ते रहें। आप जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही आपका लेखन निखरेगा। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि आप सीखें सबसे लेकिन लिखते समय अपनी मौलिक पहचान जरूर बनाए रखें। आपके लेखन में किसी अन्य लेखक की नकल या प्रभाव नहीं दिखना चाहिए।

## कहां से पढ़ें?

यदि आप करियर के तौर पर क्रिएटिव राइटिंग या ट्रांसलेशन को अपनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप इसके लिए बाकायदा कोर्स कर लें। क्रिएटिव राइटिंग का कोर्स इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय तथा अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों से किया जा सकता है। वहीं ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर बनने के लिए आपको केंद्रीय हिंदी संस्थान या किसी अन्य आधिकारिक संस्थान से अनुवाद का कोर्स करना होगा।



**अगर आप सक्सेसफुल करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल का होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक अच्छी कम्युनिकेशन स्किल से आप अपने करियर को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। कम्युनिकेशन स्किल आपकी पर्सनेलिटी का ही हिस्सा है, इसलिए अपनी पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए आपको अपनी कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर करनी होगी।**



# पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए जरूरी है कम्युनिकेशन स्किल

कम्युनिकेशन स्किल बातचीत करना की एक कला है। ये बिल्कुल भी जरूरी नही है कि हर इंसान को बात करने की कला या सही तरीका आता हो। कम्युनिकेशन स्किल का डिग्री और पढ़ाई-लिखाई से भी कुछ लेना देना नहीं है, क्योंकि ये जरूरी नही है कि हर पढ़े-लिखे और डिग्रीधारी शख्स की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी ही हो। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर इसमें सुधार जरूर किया जा सकता है।

## बॉडी लैंग्वेज सही रखें

यह एक तरह का नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन होता है, जिसमें आप बिना कुछ बोले बॉडी के हाव-भाव से सब कुछ कह देते हैं। बॉडी लैंग्वेज को देखकर आप सामने वाले पर्सन के बारे में सब कुछ समझ जाते हैं, तो अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाना चाहते हैं तो आपको अपनी बॉडी लैंग्वेज को सही रखना जरूरी है। अपनी बॉडी लैंग्वेज के द्वारा आप सामने वाले को अपनी बात आसानी से समझा सकते हैं, लोगों से बात करते समय या मीटिंग्स में जेब में हाथ डालकर या हाथों को फोल्ड करने नहीं रखना चाहिए है आपको सामने वाले को अपनी बात समझाने के लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज का सही तरह से यूज करना चाहिए।

## दूसरों की बातें ध्यान से सुनें


अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को इंप्रूव करना चाहते हैं तो आपको कोई दूसरों भी बात को भी बहुत ही ध्यान से सुनना होगा। इससे आप उसकी बातों को अच्छे से समझ सकेंगे। शुरुआत में बात करते समय आपसे कुछ गलतियां भी हो सकती हैं, लेकिन जब आप डेली प्रैक्टिस करते रहेंगे तो गलतियां कम होंगी और आप सही से कम्युनिकेशन कर सकेंगे। इसीलिए किसी भी बात को अच्छे से सुनिए फिर बोलना सीखिए।

## सामने वाले को समझें

अगर आप किसी से कम्युनिकेशन कर रहे है, तो आपको उसकी बातों को अच्छे से समझने के साथ उसे भी समझना होगा कि वो आपसे क्या कहना चाहता है। तभी आप उसके साथ कम्युनिकेशन कर पाएंगे। इसलिए पहले सामने वाले पर्सन की बातों को अच्छे से समझें कि वो क्या कहना चाहता है, कैसा एक्सप्रेशन दे रहा है और उसको अच्छे से समझने के बाद आप अपना जवाब दें।

## सही शब्दों का प्रयोग करें

किसी से बात करते समय आपको सही शब्दों का यूज करना चाहिए। इसके लिए डेली नये शब्दों को सीखें और उन्हें लोगों से बात करते समय यूज करें। स्टार्टिंग में आपको लोगों से बात करते समय अपनी आवाज को स्लो रखना है और सही शब्दों को बोलना है, बहुत बार ऐसा होता है कि जल्दी-जल्दी में लोग कम्युनिकेशन करते समय गलत शब्दों का प्रयोग कर जाते हैं, आपको धीरे बोलना है और अपने शब्दों को स्पष्ट बोलना है। जिससे सामने वाला व्यक्ति आपकी बात को अच्छे से समझ सके।



## रोज प्रैक्टिस करें

अगर आप दिल से अपनी कम्युनिकेशन स्किल को इम्प्रूव करना चाहते हैं, तो आपको डेली प्रैक्टिस करनी होगी। आपको डेली कम्युनिकेशन के कुछ वर्ड्स याद करने होंगे और इन याद किये गये वर्ड्स को हफ्ते में 2 बार दोहराना होगा। क्योंकि अगर आप एक बार पढ़ने के बाद इन्हें दोबारा देखेंगे नहीं तो भूल जायेंगे। रोज थोड़ा टाइम अपनी कम्युनिकेशन पर दीजिए, डेली कुछ नये वर्ड्स सीखिए। इससे आपकी कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

## प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करें

चाहे आपका फ्रेंड हो या कोई अन्य व्यक्ति, किसी से भी बात करते समय ध्यान रखें कि आपको प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करना है। किसी से बात करना होता है तो आपको बिना डरे खुल कर बात करना चाहिए। अगर आप इधर उधर की बात करेंगे तो जिस प्वाइंट पर आप बात करना चाहते हैं, उसपर नहीं कर पाएंगे। साथ ही सामने वाला व्यक्ति भी कंफ्यूज रहेगा।

## आई कंटेक्ट रखें

यह ध्यान रखें कि आप जब भी किसी से बात करें तो सामने वाले से आई कंटेक्ट बनाये रखें। इससे हमारी सिंसेरिटी और इंटरेस्ट दिखाई देता है और साथ ही हमारे इमोशन्स भी साफ-साफ दिखाई देते हैं। ये हमारी कम्युनिकेशन स्किल्स को भी इफेक्टिव बनती है। वहीं ऐसे बात करते समय आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है।

## कॉफिडेंट रहें

किसी से बात करते समय कॉफिडेंट रहना जरूरी होता है। यह तभी हो पाएगा जब आप निडर होंगे, श्योर होंगे और जब आप बाहर की आवाजों पर डिपेंडेंट नहीं होंगे। इसीलिए स्टार्टिंग में जब भी आप किसी से बात करें, तो अपनी गलतियों से डरे नहीं, क्योंकि गलतियां होना एक नार्मल बात है, लेकिन जब धीरे-धीरे आप बोलना सीख लेंगे, आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी हो जाएगी तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ किसी भी फंक्शन में, पार्टी में, मीटिंग्स में या कहीं पर भी बोल सकेंगे।

# रावल स्कूल में साइबर अपराध के प्रति बच्चों को किया जागरूक

Faridabad/Alive News

साइबर थाना एनआईटी प्रभारी बसंत और उनकी टीम ने नगला सोहना रोड़ स्थित रावल इंटरनेशनल स्कूल में 2000 से अधिक छात्र, छात्राओं और अध्यापकों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए इससे बचाव के तरीकों भी बताएं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आमजन को लगातार साइबर अपराध तथा उससे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इसी के अंतर्गत साइबर अपराध थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत ने एनआईटी स्थित रावल इंटरनेशनल स्कूल पहुंचकर वहां पर मौजूद शिक्षक तथा 2 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इससे बचने के तरीकों के बारे में अवगत करवाया।



कॉलेज प्रिंसिपल द्वारा पूरी पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया गया और छात्रों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने के लिए स्टेज पर आमंत्रित किया जहां साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर बसंत ने बताया कि युवावस्था में छात्र अपने लक्ष्य के लिए बहुत अधिक केंद्रित रहते हैं और वह भविष्य में बहुत कुछ ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं।

वह इंटरनेट के माध्यम से देश दुनिया में चल रही नई तकनीक सीखने की कोशिश करते हैं तथा विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म तथा वेबसाइट पर भिन्न भिन्न प्रकार का ज्ञान अर्जित करते हैं। इंटरनेट पर जहां एक तरफ ज्ञान की प्राप्ति के लिए बहुत अच्छी वेबसाइट उपलब्ध हैं वही दूसरी तरफ इंटरनेट की दुनिया का एक दूसरा रूप भी है जिसमें कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसके पश्चात अपराधियों का पीड़ित को ब्लैकमेल करने का सिलसिला शुरू होता है। अपराधी उस व्यक्ति को की वीडियो को फेसबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से उसके दोस्तों या रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देते हैं और ब्लैकमेल करके उनसे पैसे मांगते हैं। बदनामी के डर के कारण जब व्यक्ति एक बार इन अपराधियों को पैसे दे देता है तो वह उसे फिर से ब्लैकमेल करते हैं और बार-बार पैसे लेते हैं। इस प्रकार व्यक्ति इनके चंगुल में पूरी तरह फस जाता है और इन्हें बहुत सारे पैसे दे देता है।

## बेटियां करें राज्य पुरस्कार के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन-उपायुक्त




Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर लड़कियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए 10 दिसंबर शाम 5 बजे तक आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक लड़कियां जिन्होंने खेलों, सामाजिक कार्य, शिक्षा, पौधारोपण, स्वास्थ्य या मीडिया और लिटरेचर में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किया हो या राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय व उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हो, अपना पूर्ण बायोडाटा, उपलब्धियों के दस्तावेजों सहित अपना सत्यापित आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं।

## भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्रवृति के लिए मांगे आवेदन-उपायुक्त




Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की शृंखला में डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) और सामान्य समुदाय के छात्रों से एक दिसंबर से 31 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

यह दस्तावेज कराने होंगे जमा

डीसी विक्रम ने बताया कि आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा शिक्षा के उद्देश्य से जारी किया गया पिता का नवीनतम आय प्रमाण पत्र, (पिता की मृत्यु की स्थिति में माता का आय प्रमाण पत्र तथा पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र), विद्यार्थी का जाति प्रमाण पत्र, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आईएफएससी कोड सहित छात्र का बैंक खाता पासबुक की प्रति, स्कूल, कॉलेज द्वारा जारी परीक्षा पहचान पत्र, 10वीं, 12वीं तथा स्नातक की मार्कशीट, छात्र का आधार कार्ड तथा फोटो की जरूरत होगी। सभी दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित या मूल अपलोड करने होंगे।

## फरीदाबाद में ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लोन महोत्सव का किया आयोजन



Faridabad/Alive News

ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी उपाध्यक्ष हेमंत कुमार टम्टा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाषण दिया। इस कार्यक्रम में संपत्ति सलाहकारों, डीएसए भागीदारों और आम जनता ने भाग लिया। संपत्ति की पेशकश पर एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया। विजय कुमार गुप्ता, अंकुर अग्निहोत्री-क्लस्टर हेड, रिटेल एसेट्स ने सत्र का नेतृत्व किया। रविंदर अधाना ने संपत्ति के प्रकार, संपत्ति स्पष्टीकरण और संपत्ति खरीदते समय पालन की जाने वाली प्रक्रियाओ पर एक सत्र का नेतृत्व किया। तुषार शुक्ला, क्लस्टर हेड, विवेक शर्मा शाखा प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## शिक्षा विभाग ने आदेशों का पालन न करने वाले स्कूलों को जमकर लताड़ा

Chandigarh/Alive News

शिक्षा विभाग के आदेशों को स्कूल गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वहीं, शिक्षा विभाग ने मामला स्कूलों में आयोजित होने वाली बाल सभाओं में खामियां मिलने के बाद स्कूलों को लताड़ लगाई है। साथ ही यह भी साफ किया है कि हर महीने के आखिरी शनिवार को बाल सभाओं को उचित तरीके से करवाया जाए, ताकि बच्चों का ओवरऑल विकास हो पाए। कक्षा छठी से लेकर 12वीं के विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों के विद्यक कैलेंडर तैयार किया गया है। कैलेंडर में हर राष्ट्रीय दिन और त्योहारों पर एक्टिविटी करवाने और विद्यार्थियों को इसमें शामिल करने के आदेश हैं। माह के आखिरी शनिवार के आखिर के दो पीरियड में बाल सभाओं के लिए रखे गए हैं, इसका शिक्षा विभाग की टीम निरीक्षण करने पहुंची थी तो पता चला कि बाल सभाओं को संजीदगी से नहीं करवाया जा रहा है। इससे बच्चों के विकास पर असर पड़ रहा है।




विभाग ने पत्र में कहा है कि अब इस चीज को पुख्ता बनाया जाए कि आदेशों की पालना हो। साथ ही बाल सभाओं में सह विद्यक गतिविधियों को शामिल किया जाए। जैसे कि गायन, भाषण, सुंदर लेखन मुकाबले, परीक्षा संबंधी विषय, आसपास की सफाई, शारीरिक व मानसिक विषयों से जुड़े विषय शामिल हैं। इस संबंधी रिपोर्ट भी बनाकर स्कूलों को भेजनी होगी। याद रहे कि राज्य के 22 जिलों में बीस हजार स्कूल हैं। जिसमें लाखों विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। इससे पहले जब डायरेक्टर जनरल स्कूल एजुकेशन का पद सीनियर आईएएस अधिकारी कृष्ण कुमार संभाल रहे तो उनके समय में स्कूलों का नियमित औचक जांच करवाया जाता था। इसके लिए विभाग की तरफ स्पेशल टीमें गठित की हुई थीं, ताकि स्कूलों की खामियों को सुधारा जा सके। लेकिन उस समय देखने में आ रहा था कि स्कूलों में जो खामियां टीमें पकड़ती हैं, स्कूल उन्हें सुधारते नहीं हैं। इसके बाद उन्होंने स्कूलों को पत्र लिखकर कहा था स्कूलों की औचक जांच से कोई फायदा नहीं हो रहा है।

## ड्रेन में गन्दा पानी डालने वाली फैक्ट्रियों पर प्रशासन सख्त, इन नियमों के अनुसार होगी कार्यवाही



Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने शहर के तीनों एसटीपी का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए गन्दे पानी का ट्रीटमेंट कर उसके पानी का सही सदुपयोग किया जाए। नालों और खालों में गंदा पानी डालने वाली फैक्ट्रियों पर एनजीटी के नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन सजग है, ताकि यमुना नदी के पानी को प्रदूषित होने से बचाया सके। उन्होंने कहा कि जिला की ड्रेनों और खालों में किसी भी स्तर पर प्रदूषित पानी ना पहुंचे, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और साथ ही विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से प्रदूषित पानी छोड़ने वाली इकाईयों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

डीसी विक्रम सिंह ने बुढिया नाला, बादशाह पुर, मिर्जापुर और मवई में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटो पर सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके गन्दे पानी का बढ़िया ट्रीटमेंट और उसका बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जब गंदा पानी ड्रेनों से होकर यमुना में नहीं जाएगा। तो पानी की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होगा। जिला में सीवरेज प्रणाली की जांच करते हुए लाईनों को भी चेक किया जाए, जहां पर नई लाइन डालने की जरूरत है, वहां अमरूत योजना के तहत इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। सीवरेज पानी को एसटीपी से संशोधन करते हुए उसे बागवानी, सिंचाई सहित औद्योगिक इकाईयों में इस्तेमाल किया जाए, जबकि पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई लाइनो में नहरी पानी को इस्तेमाल किया जाए।

# एसएसबी अस्पताल में शुरू हुई रेडियल लाउज सुविधा

Faridabad/Alive News

एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशयलिटी अस्पताल ने विश्वस्तरीय रेडियल लाउज सुविधा शुरू की है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.एस.एस. बंसल ने मुख्य अतिथि का अस्पताल पहुंचने पर फूलों का बुक्के देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एसएसबी अस्पताल चिकित्सा क्षेत्र में नित-नई सुविधाएं लाकर शहर के लोगों को उच्चस्तरीय सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है और यह शहर के लोगों के लिए हर्ष की बात है कि उन्हें अपने ही शहर में एक ही छत के नीचे इस अस्पताल में तमाम चिकित्सा




सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।

इस मौके पर अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस.एस. बंसल ने बताया कि अब इस नए रेडियल लाउज की वजह से जिन मरीजों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत है, वे इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती हुए बिना रेडियल लाउज का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि वे लग्जरी काउच पर आराम कर सकते है, रेडियल एंजियोग्राफी प्रक्रिया देख सकते है, अपनी रेडियल एंजियोग्राफी करवा सकते है और यहां तक कि अपने एक अटेंडर के रेडियल लॉन्ज में बैठ भी सकते है और उसी दिन घर जा सकती है और यह दिल्ली एनसीआर में एक अनोखी सुविधा है। डॉ. बंसल ने बताया कि इस प्रकार की सरल प्रक्रिया है, जो यह पता लगाने के लिए की जाती है कि क्या हृदय की नसों में ब्लॉक है, जो हृदय की मांसपेशियों में रक्त ले जाती है। आमतौर पर यह लगभग सभी अस्पतालों में रोगी को कई दिन के लिए एडमिट किया जाता है, लेकिन रेडियल लाउज की मदद से रोगी उसी दिन घर जा सकता है।

## ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-31 दिसम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों को स्व मूल्यांकन कर भेजनी होगी रिपोर्ट

Faridabad/Alive News

जिला परिषद की सीईओ सुमन भाकर की अध्यक्षता में जिला फरीदाबाद स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 को लेकर डीसी विक्रम सिंह खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों ग्राम सचिवों तथा कलस्टर प्रेरकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, डीआरडीए सुमन भाकर ने बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला स्तर पर इस अभियान को गति देने के लिए ग्राम सचिव, कनिष्ठ अभियंता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छाग्रही सामाजिक संगठनों स्वयं सेवी संस्थाओं व सभी सरकारी विभागों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक गांव में सामुदायिक बैठकों का आयोजन कर स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 में इस बार ग्राम पंचायतों को रैंकिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 31 दिसम्बर जिसके उपरान्त पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में से सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों का चयन कर जल विभाग द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार को विभाग द्वारा भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर




2022 तक सभी ग्राम पंचायतों को अपना स्व मूल्यांकन करना होगा। उसके पश्चात 30 अप्रैल 2023 तक पंचायतें अपनी प्रगति रिर्पोट दर्ज करा सकेंगी। जिसके पश्चात खण्ड स्तरीय कमेटी व तत्पश्चात जिला स्तरीय कमेटी ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर रिर्पोट विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा सरकार को भेजेगी। पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को 2 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सीईओ जिला परिषद ने बताया कि ग्राम पंचायतों को तीन कैटेगरी में 0 से 2000, 2000 से 5000 एवं 5000 से अधिक की जनसंख्या की कैटेगरी में पुरस्कार दिए जाएगे।

# बालाजी कॉलेज में जल शिक्षण और शोध संस्थान का उद्घाटन समारोह आयोजित

Faridabad/Alive News

बुधवार को मलरेना रोड़ स्थित बालाजी कॉलेज के प्रांगण में ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के नए एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर एजुकेशन एंड रिसर्च) का स्थापना और बालाजी कॉलेज की पंद्रहवीं एलुमिनी मीट धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पदमश्री एवं पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारभ किया। मंच संचालन बालाजी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ जगदीश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पर्यावरणविद डॉ. शोभा विजेंदर, यू.एन.एफ.ए के मीडिया सलाहकार दीपक परवतियार, ज्ञानेंद्र रावत, एक सोच साथिया संस्थान दिल्ली के जगदीश सहगल, राकेश गुप्ता, संजय मोंगा, मिशन एक करोड़ के आशीष




शर्मा, निर्मल मंडले, कवि सूरज भारतीय पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरितिमा अलीगढ़ के अध्यक्ष सुबोध नंदन शर्मा ने की।

कार्यक्रम के दौरान बीज भाषण भारतीय जल शिक्षण एवम शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ जगदीश चौधरी सहित सभी ने जल नायकों की आवश्यकता और भारतीय उत्कर्ष में उनके महत्व पर चर्चा की।

अनिल जोशी ने कहा कि भारत के सभी पर्यावरण कार्यकर्ताओं को इकट्ठा होकर सांझा संगठन बनाना होगा। एक हाथ से जमीन खोद रहे हैं और दूसरों से मना कर रहे हैं। अब समय है की जमीन पर काम किया जाए

शोभा विजेंदर ने कहा कि दिल्ली के सभी वार्ड में जल शिक्षा का काम किया है अब पूरे देश में बढ़ाना होगा।

भारतीय जल शिक्षण एवम शोध संस्थान, फरीदाबाद के उद्देश्य

जल विशेषज्ञों की कमी को पूरा करना।

जमीनी नेतृत्व तैयार करना जो जल की समझ, प्रशासन से संबंध और जलाशयों के पुनर्जीवन कार्य में दक्ष हों।

सरकार की जल योजनाओं का किर्यावयन हेतु जल नेतृत्व तैयार करना।

कागजी ज्ञान से क्षेत्रीय ज्ञान तक ले जाना।

भारतीय पारंपरिक ज्ञान को पुनर्स्थापित करना।

हर ग्राम और वार्ड तक जल कार्यकर्ताओं का कार्य बढ़ाना।

## देश के लिए बच्चों का पढ़ा लिखा और संस्कारी होना बेहद आवश्यक-मूलचंद शर्मा



Faridabad/Alive News

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ देश की संस्कृति का भी ज्ञान दें।भारत देश ऋषि मुनियों की धरा रही है। पंडित एल आर कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी बल्लभगढ़ में चल रहे महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के 3 दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल 2022 के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने सम्बोधन में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चो को अपने देश की संस्कृति का भी ज्ञान देना चाहिए, ताकि उन्हें पता चले कि जीवन में माता पिता के बाद गुरु का अहम स्थान होता है। बच्चो को संस्कारी और पढ़ा लिखा हुआ होना बहुत ही जरूरी है। भारत देश ऋषि मुनियों की पावन धरा है।

## जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम को पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित

Faridabad/Alive News

पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी फरीदाबाद राकेश गौतम को क्लास वन कमेंडेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने बेहतरीन मंच संचालन के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की सहायक प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा को भी सम्मानित किया।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का संदेश हरियाणा की धरती से निकला है। उन्होंने कहा कि कर्म के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जैसे कार्यक्रम एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। गीता महोत्सव में शहर के विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बेहतर



प्रबंधन में सहायता के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम को बेहतर प्रबंधन के लिए और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की सहायक प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा को इस कार्यक्रम के दौरान बेहतरीन मंच संचालन के लिए कमेंडेशन सर्टिफिकेट और पांच हजार रूपये की नगद राशि प्रदान किया गया है।

## ओटीएस योजना की डेट बढ़ी, मई माह 2023 तक कर सकेंगे भुगतान

Faridabad/Alive News

हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना को और आगे बढ़ाया है। इसके तहत लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में मई, 2023 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी। जिनका ब्याज 31 मार्च 2020 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। इस योजना के तहत 31 मार्च 2020 को डिफ़ॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। ऋण लेने वालों को 6 महीने के भीतर




इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऋण बकाया मूल राशि को एकमुश्त या किस्तों में छह महीने के भीतर चुका देता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की 100 फीसदी छूट के लिए पात्र होगी।

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संपादकीय

# आधी दुनिया का हक

हाल के विधानसभा चुनावों में जहां गुजरात में सातवीं बार भाजपा ने रिकॉर्ड बहुमत हासिल किया, वहीं हिमाचल में कांग्रेस ने भाजपा से सत्ता छीनकर स्पष्ट बहुमत पाया। इन चुनावों में राज्यों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, लेकिन उनकी सक्रियता व संख्या के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। दरअसल, महिला उम्मीदवारों को टिकट देने के मामले में सियासी पार्टियां उदार नजर नहीं आती। समाज की पितृसत्तात्मक सोच के अलावा चुनावी समीकरण भी इसके मूल में होते हैं। यह कैसी विडंबना है कि हिमाचल में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होने के बावजूद सिर्फ एक महिला विधायक ही विधानसभा में पहुंची है। हिमाचल के 68 विधानसभा क्षेत्रों में से 42 सीटों पर महिला वोटरों की संख्या अधिक है, इसके बावजूद एक ही प्रत्याशी जीत दर्ज करा पाई। इस चुनाव में कुल 34 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं। यहां तक कि राज्य में सरकार बनाने की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने जिन तीन महिलाओं को टिकट दिये थे, उनमें से कोई भी जीतने में सफल नहीं हो पायी। आप की तमाम प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई। वहीं भाजपा ने पूर्व विधायकों की पत्नी समेत पांच महिलाओं को मैदान में उतारा था जिसमें केवल एक ही प्रत्याशी जीत पायी। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि 1967 के बाद सिर्फ 42 महिलाएं ही राज्य की विधानसभा की दहलीज तक पहुंच पायी हैं। वहीं दूसरी ओर गुजरात में विभिन्न राजनीतिक दलों ने 40 महिला उम्मीदवारों को चुनावी समर में उतारा था। भाजपा को महिलाओं ने दिल खोलकर वोट दिये। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 17 महिला प्रत्याशियों को उतारा था, जिनमें से 14 महिलाएं विधानसभा पहुंचने में कामयाब रहीं। वहीं एक सीट कांग्रेस की महिला प्रत्याशी ने जीती। लेकिन इसके बावजूद महिला मतदाताओं की संख्या के अनुपात में उन्हें न्यायसंगत प्रतिनिधित्व नहीं मिला। दरअसल, जहां राजनीतिक दल महिला प्रत्याशियों को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं देते, वहीं आम वोटर भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आता।

यह हमारी चुनाव प्रक्रिया की विसंगति ही है कि आम मतदाता महिला प्रत्याशियों को लेकर गंभीर नजर नहीं आता। राजनीतिक दल किसी महिला प्रत्याशी को टिकट देने से पहले कुछ विशिष्ट पृष्ठभूमि तलाशते हैं ताकि वह जिताऊ प्रत्याशी साबित हो सके। यही वजह है कि राजनीतिक परिवार की महिलाओं को तरजीह दी जाती है। जो वोटों का ध्रुवीकरण कराने में सक्षम हो। मसलन गुजरात में नरोदा सीट से चर्चित पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण एक डॉक्टर को टिकट दिया गया। हालांकि, यह भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। इसी तरह जामनगर नॉर्थ सीट से हरफनमौला क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को टिकट दिया गया था। रिवाबा के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उनके ससुर अनिरुद्ध सिंह जडेजा मैदान में थे। हालांकि रिवाबा जडेजा अपनी सीट निकालने में कामयाब रही। पति का चर्चित क्रिकेटर होना उनके पक्ष में गया। गुजरात चुनाव की एक हकीकत यह भी है कि इस बार के चुनाव में महिलाओं ने पिछले चुनाव के मुकाबले जमकर वोटिंग की, जिसका लाभ भाजपा को भरपूर हुआ। लेकिन हिमाचल प्रदेश में महिला वोटर ज्यादा होने के बावजूद एक ही महिला विधायक बन सकी, जबकि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में चार महिला उम्मीदवारों को जीत मिली थी। पांचवीं विधायक वर्ष 2019 में हुए उप चुनाव में जीतकर आई थी। इस बार के चुनाव में कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की सक्रियता का लाभ महिला प्रत्याशियों को नहीं मिला। यहां पच्छाद सीट से सिर्फ भाजपा की रीना कश्यप ही चुनाव जीत पायीं। बाकी महिला प्रत्याशियों को सत्ता विरोधी लहर का खमियाजा भुगतना पड़ा। वैसे राजनीतिक दलों के भेदभाव से इतर यह प्रश्न विचारणीय है कि मतदाता महिला प्रत्याशियों को लेकर गंभीर क्यों नहीं होते। सवाल यह भी है कि जनप्रतिनिधि संस्थाओं में पहुंचने वाली महिला सांसद व विधायक महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिये संघर्ष क्यों नहीं करती। क्यों अभी तक इन संस्थाओं में आजादी के अमृतकाल तक भी तैंतीस प्रतिशत आरक्षण हासिल नहीं हो पाया है। इस मुद्दे पर देशव्यापी बहस की जरूरत है।

# नहीं हुआ कोयला बिजली का वित्तपोषण, 2021 में मिली रिन्यूबल एनेर्जी को तरजीह


तिलक राज शर्मा
संपादक

साल 2021 में कोयले और रिन्यूबल स्त्रोतों से जुड़ी ऊर्जा परियोजनाओं की एक एनालिसिस से पता चलता है कि साल 2021 में कोयला बिजली परियोजनाओं के लिए कोई नया वित्तपोषण नहीं किया गया था। इतना ही नहीं, 2021 में नई ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कुल वित्तपोषण, वित्त वर्ष 2017 के स्तर की तुलना में 60 प्रतिशत कम था।

क्लाइमेट ट्रेंड्स और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबल (सीएफए) द्वारा लिखित कोल वर्सेज रीन्यूएबल फाइनेंशियल एनालीसिस को आईआईटी मद्रास द्वारा के सहयोग से आयोजित सीएफए की ऐनुअल एनर्जी फाइनेंस कांफ्रेस में आज जारी किया गया और इससे पता चलता है कि L&T फाइनेंस ने साल 2021 में रिन्यूबल एनेर्जी के लिये सबसे बड़े वित्तपोषणकर्ता के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जगह हासिल कर ली है।

**रिपोर्ट की मुख्य बातों पर नज़र डालें तो पता चलता है कि**

कपहली बार, 2021 में चिह्नित किये गये परियोजना वित्त ऋण के मूल्य का 100 प्रतिशत हिस्सा अक्षय ऊर्जा से सम्बन्धित परियोजनाओं के खाते में आया। यह वर्ष 2020 के मुकाबले खासी ज्यादा रहा, जब कुल कर्ज का 74 प्रतिशत हिस्सा अक्षय ऊर्जा के नाम रहा था।

कनयी ऊर्जा परियोजनाओं पर कुल वित्तपोषण में वर्ष 2017 के मुकाबले साल 2021 में 60 प्रतिशत की गिरावट आयी। इसके अलावा, जब मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा जाता है, तो 2021 में नई ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उधार दी गई राशि का वास्तविक मूल्य 2020 के स्तर की तुलना में कमी भी दर्शाता है।

कवर्ष 2021 में कोयले से जुड़ी परियोजनाओं के लिये मंजूर किये गये कर्ज को पिछली रिपोर्ट में शामिल किया गया था, लिहाजा उसे यहां सम्मिलित नहीं किया गया है। अगर इसे शामिल किया जाए तो इसका मतलब होगा कि कुल मूल्य का 20 प्रतिशत हिस्सा कोयले से चलने वाले बिजलीघरों और 80 फीसद हिस्सा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के नाम रहा।

कयह दिलचस्प है कि इस साल सितम्बर के मध्य में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएफसी और आरईसी को एनेर्जी ट्रांज़िशन कार्यों के लिये विकास वित्तीय संस्थान (डीएफआई) का दर्जा देने की पेशकश की है। अगर इस प्रस्ताव को मान लिया गया तो सरकारी स्वामित्व वाले दोनों वित्तीय संस्थानों को देश में ऊर्जा रूपांतरण के लिये नोडल एजेंसी बनाया जा सकता है। कुछ अनुमानों के मुताबिक भारत को वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिये 10 ट्रिलियन डॉलर की जरूरत

पड़ेगी और जरूरी वित्तपोषण हासिल करने में नोडल एजेंसी बहुत बड़ी भूमिका निभायेगी।

कभारतीय रिजर्व बैंक ने भी जलवायु जोखिम एवं सतत वित्त पर आधारित एक विमर्श पत्र साझा किया है, जिसमें इस सुझाव को बहुत मजबूती से सामने रखा गया है कि बैंक क्लाइमेट रिलेटेड फिनेंशियल डिसक्लोजर्स (टीसीएफडी) से सम्बन्धित टास्क फोर्स की बात मानें। साथ ही यह रिपोर्ट इस बात के लिये सुझाव पेश करती है कि निजी बैंक किस तरह से जलवायु परिवर्तन जोखिम से निपट सकते हैं और हरित वित्त के पैमाने को कैसे बढ़ा सकते हैं। भू-राजनीति के प्रभावों और पिछले कुछ वर्षों से बाजार टूटने के बावजूद इनमें से कुछ कदम अक्षय ऊर्जा के लिये जरूरी धन में वृद्धि कर सकते हैं, जिससे उन परियोजनाओं को जरूरी रफ्तार से आगे बढ़ाया जा सके।

# जगदीशचंद्र बसुः पौधे होते हैं संवेदनशील और वे दर्द महसूस कर सकते हैं


डॉ. पवन सिंह

'पेड़ पौधों में भी जीवन होता है और उनमें भी अनुभूतियाँ होती है' इस बात को वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध कर दुनियां को चौकाने वाले वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का आज जन्म दिवस है। इनका जन्म 30 नवंबर 1858 को मेमनसिंह गाँव, बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश) में हुआ था। बसु जी प्रसिद्ध भौतिकवादी तथा पादपक्रिया वैज्ञानिक कहे जाते थे। बसु जी बचपन से ही बहुत विद्वान् और किसी न किसी क्षेत्र में रिसर्च करते रहते। जगदीश चंद्र बसु ने कई महान ग्रंथ भी लिखे हैं, जिनमें से कुछ निम्न है – सजीव तथा निर्जीव की अभिक्रियाएँ, वनस्पतियों की अभिक्रिया, पौधों की प्रेरक यांत्रिकी इत्यादि।

जगदीश चंद्र बसु ने सिद्ध किया कि चेतना केवल मनुष्यों और पशुओं, पक्षियों तक ही सीमित नहीं है, अपितु वह वृक्षों और निर्जीव पदार्थों में भी समाहित है। उन्होंने कहा कि निर्जीव व सजीव दोनों सापेक्ष हैं। उनमें अंतर केवल इतना है कि धातुएं थोड़ी कम संवेदनशील होती हैं। इनमें डिग्री का अंतर है परंतु चेतना सब में है। सर, जगदीश चंद्र सबसे प्रमुख पहले भारतीय वैज्ञानिकों में से एक हैं जिन्होंने प्रयोग करके साबित किया कि जानवर और पौधे दोनों में बहुत कुछ समान है। उन्होंने दिखाया कि पौधे गर्मी, ठंड, प्रकाश, शोर और विभिन्न अन्य बाहरी उत्तेजनाओं के प्रति भी संवेदनशील होते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एक स्थानीय स्कूल से प्राप्त की, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषा का अध्ययन करने से पहले बोस को अपनी मातृभाषा, बंगाली सीखनी चाहिए। उन्होंने बी.ए. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से डिग्री, लंदन विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से डीएससी की डिग्री ली। 1896 में, बोस ने 'निरुदेशेर कहिनी' लिखी, जिसे बंगाली विज्ञान कथा की पहली कृतियों में से एक माना जाता है।

बसु के प्रसिद्ध प्रयोग : लंदन में रॉयल सोसाइटी का केंद्रीय हॉल 10 मई, 1901 को प्रसिद्ध वैज्ञानिकों से खचाखच भरा था। हर कोई यह जानने के लिए उत्सुक था कि बसु का प्रयोग कैसे प्रदर्शित करेगा कि पौधों में अन्य जीवित प्राणियों और मनुष्यों की तरह भावनाएँ होती हैं। बसु ने एक ऐसे पौधे को चुना जिसकी जड़ों को ब्रोमाइड के घोल वाले बर्तन में सावधानी से




उसके तने तक डुबोया गया, जिसे जहर माना जाता है। उन्होंने प्लांट के साथ उपकरण में प्लग लगाया और एक स्क्रीन पर रोशनी वाले स्थान को देखा, जिसमें पौधे की गति दिखाई दे रही थी, जैसे कि उसकी नाड़ी धड़क रही थी, और स्पॉट एक पेंडुलम के समान गति करने लगा। मिनटों के भीतर, घटनास्थल हिंसक तरीके से हिल गया और अंत में अचानक बंद हो गया। सब कुछ लगभग एक जहरीले चूहे की तरह था जो मौत से लड़ रहा था। जहरीले ब्रोमाइड के घोल के संपर्क में आने से पौधे की मृत्यु हो गई थी। इस कार्यक्रम का बहुत सराहना और तालियों के साथ स्वागत किया गया।

उन्होंने क्रेस्कोग्राफ का आविष्कार किया, जो पौधों की वृद्धि को मापने के लिए एक उपकरण है उन्हें पौधों के तिसुएस में माइक्रोवेव की क्रिया का अध्ययन करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है बोस रेडियो तरंगों का पता लगाने के लिए सेमी कंडक्टर जंक्शन का उपयोग करने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्होंने विभिन्न माइक्रोवेव घटकों का भी आविष्कार किया। उन्होंने ऑटोमैटिक रिकॉर्डर का निर्माण किया जो पौधों में भी मिनट की गतिविधियों को दर्ज कर सकते हैं।

मारकोनी नहीं बसु है 'रेडियो तरंगों' के प्रणेता- जगदीश चंद्र बसु ने सूक्ष्म तरंगों (माइक्रोवेव) के क्षेत्र में वैज्ञानिक कार्य तथा अपवर्तन, विवर्तन और ध्रुवीकरण के विषय में अपने प्रयोग आरंभ कर दिये थे। लघु तरंगदैर्ध्य, रेडियो तरंगों तथा श्वेत एवं पराबैंगनी प्रकाश दोनों के रिसीवर में गेलेना क्रिस्टल का प्रयोग बसु के द्वारा ही विकसित किया गया था। मारकोनी के प्रदर्शन से 2 वर्ष पहले ही 1885 में बसु ने रेडियो तरंगों द्वारा बेतार संचार का प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में जगदीश चंद्र बसु ने दूर से एक घण्टी बजाई और बारूद में विस्फोट कराया था। आजकल प्रचलित बहुत सारे माइक्रोवेव उपकरण जैसे वेव गाईड, ध्रुवक, परावैद्युत लैंस, विद्युतचुम्बकीय विकिरण के लिये अर्धचालक संसूचक, इन सभी उपकरणों का उन्नींसवी सदी के अंतिम दशक में बसु ने अविष्कार किया और उपयोग किया था। बसु ने दुनिया के पहले 'हार्न एंटीना' की खोज की जो आज माइक्रोवेव आधारित सभी उपकरणों में इस्तेमाल किया जाता है।

आज का रेडियो, टेलीविज़न, रडार, भूतलीय संचार रिमोट सेन्सिंग, माइक्रोवेव ओवन और इंटरनेट इन्हीं तरंगों के कारण चलते हैं। पौधों में वृद्धि की अभिरचना आज आधुनिक विज्ञान के तरीकों से सिद्ध हो गई है। पौधों में वृद्धि और अन्य जैविक क्रियाओं पर समय के प्रभाव का अध्ययन जिसकी बुनियाद बसु ने डाली, आज क्रोनोबायोलॉजी कही जाती है। अलग-अलग परिस्थियों में सेल मेम्ब्रेन पोटेंशियल के बदलाव का विश्लेषण करके वे इस नतीजे पर पहुंचे कि पौधे संवेदनशील होते हैं, वे दर्द महसूस कर सकते हैं।

जीवन बड़ा नहीं, सार्थक होना चाहिए- समस्त विश्व की तरह महात्मा गाँधी भी उनसे बहुत प्रभावित थे उनके जीवनीकारों में से एक पैट्रिक गेडेज लिखते हैं कि 'जगदीश चंद्र बसु के जीवन की कहानी पर उन सभी युवा भारतीयों को गहराई और मजबूत विचारों के साथ गौर करना होगा, जिनका उद्देश्य विज्ञान या बौद्धिकता या सामाजिक भावना के महती लक्ष्यों को साकार करना है। बोस एक अच्छे शिक्षक भी थे, जो कक्षा में पढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक प्रदर्शनों का उपयोग करते थे। बोस के ही कुछ छात्र जैसे सतेन्द्र नाथ बोस आगे चलकर प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री बने। वर्ष 1917 में जगदीश चंद्र बोस को नाइट की उपाधि प्रदान की गई तथा शीघ्र ही भौतिक तथा जीव विज्ञान के लिए रॉयल सोसायटी लंदन के फैलो चुन लिए गए। बोस ने अपना पूरा शोधकार्य बिना किसी अच्छे (महगे) उपकरण और प्रयोगशाला के किया था। इसलिये जगदीश चंद्र बोस एक अच्छी प्रयोगशाला बनाने की सोच रहे थे।

बोस इंस्टीट्यूट (बोस विज्ञान मंदिर) इसी सोच का परिणाम है जो कि विज्ञान में शोधकार्य के लिए राष्ट्र का एक प्रसिद्ध केन्द्र है। बसु ने ही सूर्य से आने वाले विद्युत चुम्बकीय विकिरण के अस्तित्व का सुझाव दिया था जिसकी पुष्टि 1944 में हुई। जगदीश बसु ने मानव विकास की नींव डाली और मानव जीवन के लिए बहुत से सफल प्रयास किए। उनका 78 वर्ष की आयु में 23 नवंबर 1937 को गिरिडीह, भारत में निधन हो गया। शुद्ध भारतीय परंपराओं और संस्कृति के प्रति समर्पित जगदीश चंद्र बसु आज भी हम सभी की प्रेरणा है।

**(लेखक जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मीडिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर है)**

## विचार-मंथन

# संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिकरण?

सनत जैन

संवैधानिक संस्थाएं अब राजनीति के एजेंडे पर काम करते हुए दिख रही हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई है। जिसमें मुस्लिम लड़कियों की कम उम्र की शादी को वैध ठहराने के खिलाफ यह याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर 4 सप्ताह के अंदर केन्द्र सरकार को जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इसी तरह की कई कार्यवाही विभिन्न आयोगो द्वारा समय-समय पर की जा रही है। धर्म के आधार पर भेदभाव के आरोप तथा राजनैतिक आधार पर काम करने निरंतर समाचार मिल रहे है।

बड़े आश्चर्य की बात है कि भारत के संविधान और कानूनों पर जिस तरह से राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं सुप्रीम कोर्ट की ओर रुख कर रही है। धार्मिक आधार पर शादी की न्यूनतम आयु को लेकर जो काम राजनीतिक दलों को और सरकारों को करना चाहिए। अब वह काम आयोग के जरिए कराया जा रहा है। इसके कारण अब संवैधानिक संस्थाएं भी विवादों में आती चली जा रही है।

भारत के संविधान में धार्मिक आधार पर सभी को कुछ छूट प्राप्त हुई थी। संविधान में उसका उल्लेख है। धार्मिक स्वतंत्रता भारत की सबसे बड़ी स्वतंत्रता है। जिसमें नागरिक अपनी आस्थाओं के साथ अपना जीवन यापन कर सकता है। 1950 से संविधान लागू है। 70 साल का हमारा लोकतंत्र तथा संवैधानिक व्यवस्थाओं का बेहतर कार्यकाल है। जहां सभी जाति और धर्म के लोग अपनी मान्यताओं और परंपराओं के अनुसार अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। पिछले कुछ वर्षों से धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर नागरिकों के और निजी जीवन और सोच के उन हिस्सों को खोद-खोद कर घाव बनाया जा रहा है। जिसके कारण भारतीय समाज में लगातार



भेदभाव और सामाजिक सद्भाव बिगड़ता ही चला जा रहा है। जब यह काम संवैधानिक संस्थाएं करने लगे तब चिंता बढ़ने लगती है।

धार्मिक आधार आस्था का केंद्र बिंदु होते है। धार्मिक आधार पर परिवार के एवं सामाजिक व्यवस्था विकसित होती है। भारतीय संविधान ने धार्मिक आधार पर मुस्लिम हिंदू पारसी जैन बौद्ध एवं अन्य सभी धार्मिक समुदाय को संवैधानिक सुरक्षा दी है। जिसका पालन धार्मिक आधार पर सामाजिक व्यवस्था में कई दशकों से हो रहा है। भारतीय कानून सब पर लागू है। यदि सामाजिक व्यवस्था या धार्मिक व्यवस्था को कोई व्यक्ति स्वीकार नहीं कर रहा है। उस पर भारतीय कानून लागू होते है। कानून यदि बनाना भी है तो यह राजनीतिक दलों सरकारों का काम है। लेकिन यदि इस तरह के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं याचिका लगाकर इन मतभेदों को बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं तो उनकी विश्वसनीयता के लिए यह चिंता की बात है। प्रकृति जन्म कानूनों से भिन्न कानून बनाना कभी भी सामाजिक व्यवस्था को बेहतर नहीं बना सकते है। पिछले कुछ दशकों में प्रकृति जन्य नियमों के खिलाफ सरकारे हम कानून बना रही हैं। इससे सामाजिक विकृतियां बढ़ती ही जा रही है। कानून बनाते समय हमें प्रकृति के नियमों का भी ध्यान रखना होगा तभी समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। भारत में अभी धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर जो उन्माद फैला हुआ है उसमें सरकारे एवं अन्य समूह काम छोड़कर दूसरे के निजी मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं। यह कहीं से भी उचित नहीं है। धार्मिक आधार पर बनी सामाजिक व्यवस्था पर यदि बार-बार चोट की जाएगी तो इसके दुष्परिणाम ही हमें देखने को मिलेंगे। यह मिल भी रहे है। भारत कई सदियों से विविधता वाला देश है। भारत में रहने वाले लोग इन्हीं विविधताओं के बीच रहने के आदी है। सत्ता प्राप्त करने अथवा सत्ता में बने रहने के लिए के राजनीतिक कारणों से यदि सामाजिक दुराव बढ़ता है तो यह किसी भी वर्ग के लिए भी सुखदाई नहीं हो सकता है। भारत में ब्रम्हा-विष्णु को मानने वालों पर विवाद था। भारत में नरसिंह अवतार हिरणाकश्यप पहलाद जैसे सैकड़ों पौराणिक कथायें है। सत्ता तक पहुंचने और सत्ता में बने रहने के लिये विविधता को समाप्त करने और एक छटा राज्य करने की प्रवत्ति सही नहीं है। अमेरिका एवं यूरोपीय विकसित देशों में 18 साल से कम के युवा सबसे ज्यादा आत्महत्या कर रहे है। इसमें कानून के होते हुए भी कम आयु में गर्भधारण और नशे जैसी प्रवृत्ति के कारण सबसे ज्यादा युवा आत्म हत्याएं कर रहे हैं। कानून बन जाने के बाद यदि यह सब घटनाएं रुक रही होती तो भारत में यौन अपराधों को लेकर मृत्युदंड और कड़ी सजा के कानून बन जाने के बाद यह अपराध घटे नहीं है। उल्टे और भी बढ़ गए है। सामाजिक एवं पारिवारिक नैतिकता से बेहतर समाज निर्मित होती है। हमें नैतिक होने की जरूरत है। तभी सामाजिक नियम एवं परम्पराओं को ध्यान में रखकर सरकार के बनाए हुए कानून सभी कारगर साबित होंगे।

## चुनाव

# सबके लिए निहित है संदेश

डॉ. सी.पी. राय

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ विभिन्न प्रदेशों के चुनाव परिणाम आए और एक दिन पहले दिल्ली नगर निगम के परिणाम भी जनता ने देखा। ये चुनाव राजनीतिक समीक्षको के लिए अध्ययन का विषय है तो दलों के लिए आत्मचिंतन का।

गुजरात में लगातार फिर भाजपा जीती है और पहले के रिकॉर्ड तोड़ कर जीती है पर उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली छोड़कर दिन-रात एक करना पड़ा और किसी स्थानीय नेता की तरह रोज कई सभा करनी पड़ीं, अपने सम्मान का हवाला देना पड़ा, लंबे रोड मार्च निकालने पड़े तो मीडिया के सहयोग से चुनाव के दिन को भी प्रचार के लिए उपयोग किया गया। महाराष्ट्र की योजनाओं (उद्योग) को गुजरात ले जाकर उसका फायदा उठाया गया तो विरोधी दल मतदान के दूसरे दिन 5 बजे के बाद 16 या 18 लाख अधिक मतदान होने से लेकर तरह तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। ईवीएम तो हर हारे हुए चुनाव का मुद्दा है ही।

मीमांसा इस बात की भी करनी होगी कि भाजपा की सिर्फ सीट ही नहीं बढ़ी पर पहले से 4 फीसद वोट भी बढ़ा और इसका पूरा श्रेय मोदी जी की मेहनत और रणनीति को तो देना ही होगा। क्योंकि एक खबर ये भी छाई रही कि आरएसएस ने इस चुनाव से दूरी बनाए रखा। हिमाचल का यूं तो अमेरिका की तरह इतिहास रहा है सरकार बदलने का, पर इस बार मोदी जी का ये नारा कि 'बदलाव के भाव को अब बदलें' अगर केंद्र का लाभ लेना हो, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का वहां पूरे समय कैंप करना और मंत्रियों के फौज के साथ आक्रामक अभियान चलाना इस प्रदेश के पहाड़ की सर्दी के भाजपा को गर्मी का एहसास करवा गया।

दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां प्रियंका गांधी को उतार दिया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के अनुभव से सबक लेकर



यहां के लिए रणनीति बनाई और स्थानीय मुद्दों के साथ पेंशन को मुद्दा बना कर एक बड़े वर्ग को अपने साथ जोड़ा। दिल्ली एमसीडी के परिणाम पर बड़ी बहस नहीं है क्योंकि वो मुफ्त में मिलने वाली चीजों का परिणाम है पर केजरीवाल की टोपी में एक कलगी तो और लग ही गई, जहां गुजरात के मत प्रतिशत ने आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता की तरफ पहुंचा दिया। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव पर भी राजनीतिक दलों और समीक्षकों की निगाह थी। यहां शिवपाल सिंह यादव का साथ काम आया और अकेले उनके क्षेत्र से एक लाख से ज्यादा वोट की लीड मिली तथा मनोवैज्ञानिक वातावरण ऐसा बना कि मुख्यमंत्री योगी और उनकी पूरी फौज इस माहौल के आसपास भी नहीं पहुच सकी।

दूसरी तरफ खतौली में भाजपा का मजबूत मतदाता त्यागी समाज भाजपा के खिलाफ चला गया जिससे वहा भाजपा हार गई, जबकि रामपुर में सत्ता और प्रशासन ने वही किया जो लोक सभा उप चुनाव में किया था और जहां चुनाव आयोग अपील करता है कि वोट बढ़ाए। ओडिशा की बात करें तो वहां नवीन पटनायक ने अपना कब्जा बरकार रखा। हां, बिहार में भाजपा की जीत व्यापक गठबंधन के लिए सीख देकर गई है कि जातिगत चीजों के प्रति अति आग्रह बुरा भी साबित हो सकता है। कुल मिलाकर ये चुनाव सभी दलों और नेताओं को अपने-अपने सबक देकर गया है। भाजपा को सबक है की राजनीतिक दल को दल ही रहने दें। इंसानों और कार्यकर्ताओं वाला दल जिसके पास दिल भी हो, भावनाएं भी और सरोकार भी वरना बहुत दिनों तक सिर्फ जुमलों, वादो और मीडिया की पीठ पर चढ़ कर नहीं दौड़ा जा सकता है।

कांग्रेस को तो काफी सबक लेने होंगे क्योंकि वो आज तक विपक्ष की धार और रणनीति से दूर है और लंबी सत्ता के खुमार से बाहर ही नहीं आ पा रही है। राहुल और प्रियंका को उत्तर प्रदेश के लिए वही रवैया अपनाना होगा जो मोदी जी ने गुजरात के लिए अपनाया और अपने पुराने तौर-तरीकों में व्यापक परिवर्तन करना ही होगा।

उत्तर प्रदेश में फिलहाल समाजवादी पार्टी ही दूसरी पार्टी है पर पिछले चुनाव में सीधे आमने-सामने का चुनाव हो जाने और उसी आधार पर वोट पड़ने के बावजूद वो सरकार के खिलाफ की जनता को खुद से नहीं जोड़ पाई और उसके लिए अखिलेश यादव की अपनी कमजोरियां, आत्ममुग्धता, अति आत्मविश्वास इत्यादि कई कारक जिम्मेदार हैं और अब जल्दी उसे उतना अच्छा चुनाव मिलता नहीं दिख रहा है बशर्ते वो खुद में व्यापक बदलाव न ला दे और व्यापकता न अपना ले। उसे अपने खास लोगों को भी सिखाना होगा कि उनका अहंकार या बुरी भाषा और व्यक्तिगत आक्रामकता पार्टी को नुकसान करती है। कुल मिला कर परिश्रम, समर्पण, विनम्रता, जन के लिए सहजता और स्वीकार्यता ही लोकतंत्र का हथियार है।

## धोखाधड़ी के आरोप में सेक्सस कैपिटल मार्केटिंग लिमिटिड व संध्या कृषि मल्टीपरपज सोसाईटी कॉपरेटीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज




Faridabad/Alive News

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि उपरोक्त केस के सम्बन्ध में पीड़ित कोई भी व्यक्ति ईओडब्लू सेल एनआईटी के आफिस सेक्टर 12 मे अपनी शिकायत दे सकते हैं। उपरोक्त कंपनी के खिलाफ थाना मुजेसर में, पीड़ित मनोज कुमार व उसके अन्य साथियों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कम्पनी पर लोगों से एफ.डी, आर.डी व मंथली इन्बेस्टमैन्ट स्कीम के नाम पर पैसे निवेश के नाम पर गबन करने का आरोप है। मामले में तफ्तीश जारी है। अगर कोई और इस मामले में पीड़ित है इस कंपनी की धोखाधड़ी का शिकार हुआ है, तो निवेश की गई राशि के सम्बंध में रिकार्ड लेकर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लू) एनआईटी लघु सचिवालय सैक्टर-12 कार्यालय में अपनी शिकायत दे सकता है।

## अधिकारी मुख्यमंत्री जन संवाद के लंबित मामलों की रिपोर्ट जल्द करें पेश



Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम ने मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लगाए गए जनता दरबार की शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के दौरान 600 से ज्यादा शिकायतें आई थी। जिनमें नगर निगम, पुलिस विभाग सहित बाकी बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, ग्रामीण क्षेत्र के रास्ते, भूमि के मुआवजे सहित अन्य विभागों से संबंधित थी। कुछ समस्याओं को निपटारा तुरंत मुख्यमंत्री ने जन संवाद में कर दिया था, तो कुछ समस्याए लंबित रह गयी थी। जिस पर सभी विभागों के अधिकारियों से जल्द से जल्द कार्यवाही कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बैठक में सीनियर टाउन प्लानर रेणुका सिंह, सीटीएम अमित मान, डिप्टी डायरेक्टर एनएचएआई कमल कांत, पीडब्लूडी बी एण्ड आर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिन्धु, डीडीपीओ राकेश, एक्सईएन एफएमडीए विनय ढुल, एसई नगर निगम ओमबीर सिंह, सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शहर में चल रहे सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य निर्धारित समय में करें पूरा-उपायुक्त



Faridabad/Alive News

उपायुक्त ने शहर की सड़कों के निर्माण कार्य और टूटी-फूटी सड़को के मरम्मत कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश गिए है। उपायुक्त ने कहा कि शहर में जहां भी सड़के टूटी हुई है उनके मरम्मत कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूरा करें व गड्ढों को भी भरे। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से आम नागरिकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा जल भराव के कारण सड़के टूटने की वजह से यातायात काफी मुश्किल हो जाता है। जिला में पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, एफएमडीए, पीडब्ल्यू सहित अन्य सभी सम्बंधित विभाग आपस में मिलकर कार्य करें।

उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को जल निकासी के सभी चैम्बर्स की साफ सफाई कराने व उनकी मरम्मत करने के आदेश दिए। ड्रेनों और नालों की सफाई करवाए। नहर पार बिल्डर कालोनियों, इंस्टीटूशन के सीवर का गन्दा पानी कहां जाता है। सीवर के कनेक्शन चालू है या नहीं। गंदा पानी सड़को पर ना बहाया जाए और अगर ऐसा कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाए।

## गवर्नमेंट स्कूल में स्किल महोत्सव के अंतर्गत किया गया एग्जिबिशन का आयोजन



Faridabad/Alive News

गवर्नमेंट मॉडल स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में स्किल महोत्सव के अंतर्गत एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। विद्यालय में कौशल विकास के अंतर्गत स्किल महोत्सव में स्किल कंपटीशन कम फेस्टिवल आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में व्यवसायिक कोर्स जैसे ऑटोमोबाइल, रिटेल और आई टी आदि द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। समय समय पर विभागीय आदेशानुसार फील्ड विजिट का भी अनुभव विद्यार्थियों को करवाया जाता है। स्किल महोत्सव अर्थात कौशल विकास के लिए सभी नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने ऑटोमोबाइल, रिटेल और आई टी पर भिन्न भिन्न प्रकार के मॉडल्स बनाए। विद्यार्थियों ने हाइड्रोलिक लिफ्ट, वेस्ट वेंडिंग मशीन, कूलर, पंखा, ऑटोमेटेड टेलर मशीन, वाटर प्यूरीफायर, हीटर, सोलर एनर्जी से चलने वाले यंत्र आदि के मॉडल्स बना कर अपने कौशल विकास का परिचय दिया। विद्यालय की प्राध्यापिका मोनिका का प्रशंसनीय सहयोग रहा।

# नॉर्थ ईस्ट के प्रदेश होंगे अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले के थीम स्टेट

Faridabad/Alive News

अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में इस बार नॉर्थ ईस्ट के प्रदेश मेले के थीम स्टेट होंगे। अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा पर्यटन विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर कम चीफ मेला एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. नीरज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि मेले में लोकल और वोकल के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का आयोजन आगामी 3 से 19 फरवरी 2023 तक किया जायेगा। इस संबंध में सोमवार को लगभग 22 देशों के राजदूतों और उनके प्रतिनिधिमंडल ने सूरजकुंड मेला परिसर में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के विदेश विभाग की जॉइंट सेक्रेटरी और राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पर्यटन विभाग योजना पटेल ने की।



अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के 3 से 19 फरवरी 2023 को होने वाले आयोजन को लेकर विदेशी राजदूतों के प्रतिनिधि मंडल ने सूरजकुंड मेला परिसर का दौरा भी किया। यहां की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तमाम बंधुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक का आयोजन सूरजकुंड राजहंस होटल के बैठक कक्ष में आयोजित किया गया।

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम प्रबंधों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मेला परिसर में दुकानों के नवीनीकरण का काम भी युद्ध स्तर पर जारी है।

बैठक में इन देशों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

बैठक में कजाकिस्तान के मिस्टर एबिले, चीन के श्री.सी वेई, चीन के श्री.वांग जेन, किर्गिजस्तान के असेले, रूस की उड़िया, मंगोलिया के डंबजाविन गणबोल्ड, बेलोरूस के आंद्रेई रेजहेस्की, बेलोरूस की अनास्तासिया वोराख, ईरान के डॉ. इराज इलाही, ईरान के मिस्टर सालेहतश, तुर्की के महामहिम फिरत सुनेल, कंबोडिया के थेम वुथ, मिस्र के शरीफ एल्गोना, आर्मीनिया के यूरी बाबाखानयान, म्यानंमार के मो क्याव आंग, मालदीव के अहमद सुजिल, बहरीन के अब्दुल रहमान मोहम्मद अहमद अल गौड़, विदेश मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी योजना पटेल, आईएफएस भाविका मंगलानंदन, देवव्रत चट्टोपाध्याय, अमित जखमोला हरियाणा के मैनेजिंग डायरेक्टर चीफ मेला एडवाई एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर नीरज कुमार भी मौजूद रहे।

## हरियाणा सरकार ने भारतीय व्यापार मंडल व ऑयल मिल्ज एसोसिएशन को इन शुल्को से किया मुक्त



Faridabad/Alive News

हरियाणा में कार्यरत प्रसंस्करण कार्य में लिप्त व्यवसायियों को हरियाणा सरकार ने लाभ देने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। भारतीय व्यापार मंडल व ऑयल मिल्ज एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार से कई बैठकें की, जिसमें मुख्य रूप से जून में मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने मंडल की मांग को मंजूरी दी थी कि जल्दी ही अधिसूचना जारी करके ऑयल मिल्ज को 42 हजार रुपए वार्षिक शुल्क के बदले कागजी कार्यवाही और मार्केट फीस और ग्रामीण विकास शुल्क से मुक्त कर दिया जाएगा। अब हरियाणा सरकार ने हरियाणा कृषि उपज नियम, 1962 की धारा 29(1) में परिवर्तन करके ये प्रावधान किया है कि हरियाणा सरकार अब विभिन्न प्रसंस्करण व्यवसायियों को मार्केट कमेटी लाइसेंस के अंतर्गत एकमुश्त वार्षिक शुल्क लेकर किसी भी अन्य रूप में मार्केट फीस और ग्रामीण विकास शुल्क से मुक्त करेगी।

## बडोली गांव में ग्रामीणों ने स्कूल पर जड़ा ताला, शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद जिले के गांव बडोली के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया और छात्राओं के साथ स्कूल के बाहर जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में बच्चियों के बैठने के लिए कक्षाएं तक उपलब्ध नही है। बच्चियां पिछले आठ माह से खुले आसमान के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है। उधर, प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों को एक के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और स्कूल का ताला खोला

दरअसल, ग्रामीणों का कहना है कि इस प्राइमरी स्कूल में चार ही कमरे हैं। ग्रामीणों ने इस बाबत कई बार शिक्षा विभाग से और स्कूल




प्रशासन से बिल्डिंग बनाने की मांग भी की, लेकिन फिर भी इस पर किसी भी तरह से कोई कार्य नहीं किया गया. यही वजह है कि आज परेशान होकर बच्चों के साथ परिजनों ने स्कूल गेट पर ताला लगा दिया और जमकर नारेबाजी की।

बता दें, स्कूल में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यही वजह है कि उनको समुचित व्यवस्था स्कूल के अंदर नहीं मिल रही है। स्कूल में छात्रों के बैठने के लिए क्लासरूम की कमी है। स्कूल में 4 कमरों में ही बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऐसे में आज जब छात्र और परिजनों का सब्र का बांध टूट गया तो उन्होंने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया। परिजनों का कहना है कि जब तक स्कूल में छात्रों को पेश आ रही परेशानी का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वह आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं पूर्व विधायक ललित नागर ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के प्रदर्शन का समर्थन किया।

## उपायुक्त ने दूषित पानी की रोकथाम के लिए एसईएसटीएफ टीम का किया गठन

Faridabad/Alive News

जिले में दूषित पानी की रोकथाम को लेकर प्रशासन सजग है, ताकि यमुना नदी के पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला की ड्रेनों और खालों में किसी भी स्तर पर प्रदूषित पानी ना पहुंचे, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और साथ ही विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से प्रदूषित पानी छोडने वाली इकाईयों को चिंहित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इससे पहले हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव ने पर्यावरण विभाग के एसीएस विनीत गर्ग, शहरी निकाय विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल के साथ सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये फरीदाबाद जिला सहित राज्य के सोनीपत, पानीपत, करनाल, पलवल, गुरूग्राम, मेवात, झज्जर,



रोहतक सहित विभिन्न जिलों में यमुना एक्शन प्लान से जुड़ी जानकारी लेते हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिलावार एक्शन प्लान को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में एसईएसटीएफ गठित की गई हैं, जोकि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए गंदा पानी छोडने वाली इकाईयों के खिलाफ सख्ती से निपटना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जब गंदा पानी ड्रेनों से होकर यमुना में नहीं जाएगा तो पानी की गुणवता में निरतंर सुधार होगा। डीसी विक्रम सिंह ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव को जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद में विभिन्न ड्रेनों तक प्रदूषित पानी ना पहुंच पाए, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनजीटी द्वारा गंगा नदी तक किसी भी रूप में कैमिकलयुक्त या गंदा पानी ना पहुंच पाए, इसके लिए यमुना एक्शन प्लान बनाया गया है, जिसके चलते को हमें जिला की तीनों ड्रेनों में हर हाल में प्रदूषित पानी पर रोक लगानी है और पानी की गुणवत्ता में सुधार भी लाना है।

## विवादों में फंसी टीजीटी पीजीटी भर्ती, लेटर भेजने के बाद भी नहीं हुई शिक्षकों की नियुक्ति

Chandigarh/Alive News

हरियाणा कौशल रोजगार निगम की टीजीटी-पीजीटी भर्ती विवादों में घिर गई है। मानदंड और चयन प्रक्रिया सार्वजनिक नहीं किए जाने से अभ्यर्थियों में रोष है। आरोप है कि भर्ती को लेकर निगम ने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। किस पद के लिए कितने आवेदन आए और चयन का आधार नहीं बताया है। मेरिट के बावजूद काफी युवाओं का चयन नहीं हो पाना संदेह पैदा करता है। अभ्यर्थी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं।

हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने अक्तूबर माह में करीब प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) व स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) के सात हजार पदों पर भर्ती निकाली थी। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, साइंस, संस्कृत,



पंजाबी, शारीरिक शिक्षा, संगीत, मैथेमेटिक्स, गृह विज्ञान, कलां व सामाजिक विज्ञान समेत 12 विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है।

4144 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर लेटर दिए जा चुके हैं। 23 नवंबर को 2075 और 2 दिसंबर को 2069 टीजीटी-पीजीटी अध्यापकों को लेटर भेजे गए हैं। इनकी रजामंदी के बाद स्कूलों में तैनात किया जाएगा। बाकी को भी जल्द नियुक्ति दिए जाने की तैयारी है। इससे पहले ही भर्ती विवादों में घिर गई।

शिक्षक के तौर पर चयनित अभ्यर्थी भी कौशल रोजगार निगम की कार्यप्रणाली से खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि 200-200 किलोमीटर दूर स्टेशन दिए जा रहे हैं। कुरुक्षेत्र की एक महिला अध्यापक ने बताया कि उसे मेवात का स्टेशन दिया गया है। इसी प्रकार, कैथल, करनाल के अभ्यर्थियों को हिसार, महेंद्रगढ़ और नारनौल समेत पलवल के स्कूलों में नौकरी करने के लिए कहा गया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पहले निगम का दावा था कि आवेदकों को उनके जिलों में ही तैनात किया जाएगा लेकिन अब वादा नहीं निभाया जा रहा है।

अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि भर्ती में टीचिंग के अनुभव प्रमाण पत्रों और आय की सत्यापन के लिए कोई जांच नहीं की गई। जिस भी अभ्यर्थी ने अपना डाटा भर दिया, निगम ने उसे उतना ही मान लिया। आरोप है कि काफी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिनके घर पहले से नौकरी है और उन्होंने अपनी आय 1.80 लाख से भी नीचे दिखाई है। अभ्यर्थियों ने मांग है कि नियुक्ति देने से पहले इस दस्तावजों और सालाना आय का सत्यापन कराया जाए।

## एसआरएस सोसाइटी में पालतू जानवरों का किया गया निशुल्क टीकाकरण



Faridabad/Alive News

सेक्टर 87 स्थित एसआरएस पर्ल्स सोसाइटी के लोगों ने देवाश्रय पशु चिकित्सालय के सहयोग से सोसायटियों में रहने वाले पालतू कुत्तों व आस पास रहने वाले स्ट्रीट डोग्स के लिए निःशुल्क तीसरे टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। इस कैंप में सोसाइटी व कॉलोनी के निवासियों ने पालतू खरगोश, बिल्ली व सफेद चूहों का भी टीकाकरण कराया और उनके स्वास्थ्य की भी जांच की गई। इस कैम्प में पालतू डोग्स के मालिकों व परिवार के सदस्यों को आवश्यक हिदायतों के साथ जागरूक भी किया, ताकि परिवार के पालतू डोग्स के कारण पड़ोसी व सोसाइटी के अन्य निवासियों को कोई परेशानी ना हो। इस अवसर पर कैम्प के आयोजकों ने सोसाइटी के आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा पालतू डोग्स व उनके मालिकों से सहानुभूति और फ़ूड पॉट्स व पेट पॉइंट्स का जल्द से जल्द निर्धारण करे। इस कैम्प का जागरूकता अभियान डॉ. आशु गुप्ता की देख रेख में चलाया जा रहा है।

## ऑक्सफोर्ड मॉडर्न स्कूल के बच्चों और महिलाओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



Faridabad/Alive News

महिला थाना प्रभारी माया ने अपनी टीम के साथ बच्चों और महिलाओं को यातायात नियमों चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, दुर्गा शक्ति एप, साइबर क्राइम और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस टीम का स्कूल प्रधानाचार्य अजय और उप प्रधानाचार्य हेमलता ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस थाना एनआईटी प्रबंधक की टीम ने ऑक्सफोर्ड मॉडर्न स्कूल व वमनी ओवरसिज कम्पनी एनआईटी में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में समझाते हुए बताया कि आप पैदल यात्रा कर रहे हैं तो हमेशा फुटपाथ का प्रयोग करना चाहिए। रास्ते में आने वाली रेड लाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रेड लाइट ग्रीन होने के बाद ही रेड लाइट पार करनी चाहिए।

महिला थाना टीम ने बच्चों को दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जिसमें बताया कि हमें अपने एंड्राइड फोन में दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करनी चाहिए इससे अगर हमारे साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है तो तुरंत पुलिस को 112 पर कॉल कर सूचित करें आपके कॉल करने से तुरंत आप की लोकेशन पुलिस के पास पहुंच जाएगी जिससे पुलिस आपकी तुरंत सहायता कर सकती है।

## हरियाणा विधान सभा सत्र शुरू होने से पहले विधायक सीखेंगे अर्थशास्त्र की बारीकियां

Chandigarh/Alive News

हरियाणा विधान सभा की ओर से 5 दिसंबर को विधायकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सत्र में विधायकों को बजट में प्रस्तावित अनुदानों के अध्ययन करने के वैज्ञानिक तरीके और राज्यों में वित्तीय प्रबंधन की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

मिली जानकारी के अनुसार इस एक दिन का प्रशिक्षण देने के लिए पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के सीनियर एनालिस्ट साकेत सूर्य और कार्यक्रम अधिकारी मानस गुब्बी आ रहे हैं, जो दो सत्रों में यह प्रशिक्षण देंगे। इस दौरान विधायकों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा।

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि बजट में संबंधित विभागों की अनुदानों की मांगों का अध्ययन करने के लिए गत बजट सत्र में विभागीय स्थायी समितियों का गठन किया गया था। इन समितियों ने बजट प्रावधानों का काफी बारीकी से अध्ययन किया। प्रदेश के बजट को अंतिम रूप देने में इन समितियों ने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इस कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए विधान सभा निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों में भी संशोधन किया गया है। अब नियमों का विस्तार कर इनमें 190-क से 190-ट तक 11 नए नियम जोड़े गए हैं। इसी कड़ी में विधायकों को बजट अध्ययन के लिए और अधिक सक्षम बनाने के लिए 5 दिसंबर को पंचकूला के सेक्टर 1 स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है।



विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद की अध्यक्षता में होने वाले इस सत्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, विधान सभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्?डा भी मौजूद रहेंगे। विधान सभा सचिवालय की ओर से प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों और विधायकों को निमंत्रण भेजा गया।

# Academic fair organized for better career of students in DAV School



**Faridabad/Alive News:**

Sector-49 located D.A.V. Public School hosting "Edfair 2022" and organizing My University Academic Fair for career guidance of Class XII students. In this fair, representatives of top universities such as University of Petroleum and Energy Science (UPES), Pearl Academy, Bennett University, Ashoka University, NIIT, along with students from various higher education and their career University, Alliance University, APJ Satya, IILM, GD Goenka, KR Mangalam, UID, World University of Design, SRM and many more mentored the students. The representatives of the universities informed the students about the various possibilities of choosing a career. Also how students can get admission in their preferred career option and best universities. Internationally respected and certified career coach Ruhi Dhingra helped the students regarding this. Whereas, D.A.V. The principal of the school B.K. Das appreciated the efforts of the school fraternity in organizing the students. Such a mega event for the welfare of the students and hearty thanks to him.

# FMD CEO inspected ongoing projects in the city

**Faridabad/Alive News:**



Chief Executive Officer, Faridabad Metropolitan Development Authority chaired Sudhir Rajpal the 23rd Core Planning Cell meeting of the Authority today. Present were senior officers of FMDA. Various infrastructure projects were discussed and directives for implementation were issued by Sudhir Rajpal.

The CEO FMDA outlined that as per the directions of Haryana Chief Minister Manohar Lal, the informatory sign boards of all road developing agencies should be installed on the FMDA roads without delay and the matter may be taken up in the Coordination meeting to ensure all concerned departments comply with the issued directives. This will help citizen be aware of the respective agencies responsible for the maintenance and upkeep of the city roads.

Sudhir Rajpal also directed to expedite the process of taking over the sewerage treatment work connected with the existing STPs in Badhshahpur and a letter may be written to Deputy Commissioner, Faridabad in this regard. Under this, the pumping stations, disposal units and master sewer lines of more than 600 mm dia will be undertaken by FMDA.

Additionally, the Authority will also take over the 30 MLD STP of HSVP and 45 MLD STP of MCF in Badshahpur and the 7.5 MLD STP of HSVP in Greater Faridabad. The DPR for this project which should cover all aspects of the engineering works to be undertaken, is to be prepared to take the project forward and submitted for administrative approval on priority basis.

Special repair of the sector 10/11 dividing road from Gupha Dhaba to Ashwani Hospital is being taken up by Municipal Corporation Faridabad. CEO FMDA directed to expedite the work.

Work pertaining to strengthening of Surajkund Road has been completed.

Road upgradation of the sector 15/16 dividing cement concrete 4-lane road and the Vyapar Mandal to Senior Secondary School is nearing completion and work is in progress on construction of footpath and drains.

# जिले के सभी स्कूल प्रधानाचार्य को साइबर क्राइम, जुवेनाइल जस्टिस के बारे में किया जागरूक



**Faridabad/Alive News**

साइबर थाना सेंट्रल ने चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ मिलकर मेट्रो हॉस्पिटल में जिले के सभी प्रधानाचार्य को साइबर, महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक किया। सभी प्रधानाचार्य को बच्चो की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून और साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम फ्लाइंग से एसीपी राजेश चैची, साइबर थाना से इंस्पेक्टर सतीश, जिला बॉल संरक्षण इकाई से अपर्णा, चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला कॉर्डिनेटर सुनीता बैसला और मैट्रो हॉस्पिटल की सीइओ साना उपस्थित रही। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सुनीता देवी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। एसीपी राजेश चेची ने सभी को बच्चो के अधिकारों की रक्षा करने के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी। उसके बाद सेंट्रल साइबर थाना इन्चार्ज इंस्पेक्टर सतीश ने सभी को आए दिन होने वाले साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि आए दिन बच्चे ही नही बड़े लोग भी साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगर आपके साथ में कोई भी साइबर अपराध होता है तो आप घबराए नही ओर न ही डरे। इसके बारे में आप 1930 जो साइबर क्राइम टोल फ्री नम्बर है इसपर या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत कर सकते हैं।

# सेंट कोलंबस स्कूल ने धूमधाम से मनाया 19वां वार्षिक महोत्सव



**Faridabad/Alive News:**

दयाल बाग स्थित सेंट कोलंबस विद्यालय ने बीते बुधवार को धूमधाम से 19वां वार्षिक महोत्सव मनाया। इस दौरान इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर डॉ. गौरव अंतिल, सम्मानित अतिथि एनआईटी एसपी विष्णु प्रशाद मौजूद रहे। इसके अलावा सिविल जज शिवानी राणा, हरियाणा पुलिस एएसपी धारना यादव, डॉ. सुरेश कुमार, रवि कुमार दहिया, बॉलीवुड अभिनेत्री प्राईड ऑफ नाईट करिश्मा कपूर, स्टार ऑफ द नाईट मदालसा शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सेट कोलंबस के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व श्रीलेखा वी. एम ने अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। सायंकाल में आरंभ हुए इस समारोह में लगभग दस हजार लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की छात्रा जसकीरत कौर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें सत्र 2021-22 में विद्यालय की शैक्षणिक तथा सत्र 2022-23 की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं उनमें प्राप्त उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। वार्षिक रिपोर्ट के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम के कारवां की शुरुआत 'सरस्वती वंदना' से हुई। नर्सरी कक्षा के नन्हें-मुन्ने कोलंबियंस ने 'शेक यूअर हैंड्स' से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, कक्षा नौवीं के छात्रों ने हनुमान जी के शौर्य और पराक्रम को दर्शाते हुए 'हनुमान चालीसा' के माध्यम से जन समूह में ओज एवं वीरता के भावों का संचार किया तथा 'शिव तांडव स्त्रोतम' पर विद्यार्थियों ने जबरदस्त योगा का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत की। माता-पिता की महत्त्वता, नैतिक मूल्यों का विकास व पेड़-पौधों का महत्त्व बताकर व देश के भावी कर्णधारों ने अपनी संकल्प शक्ति की बुलंद आवाज़ को जनता के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें सम्मोहित किया। इसके अतिरिक्त छठ पूजा, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी, वेस्टर्न, अरेबिक, जंगली डांस, देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। अखंड भारत तथा नारी सशक्तिकरण जैसे गंभीर मुद्दों को मंच पर जीवंत कर विद्यार्थियों ने विकसित भारत की तरफ बढ़ते अपने कदमों का प्रदर्शन किया। इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर हर दिल अजीज़ सदाबहार ग्रैंड फिनाले में छोटे-बड़े सभी कोलंबियंस का एक साथ मंच पर एकत्रित होना, आत्मविश्वास एवं संगठनात्मक अभिरुचि का परिचायक था। इस अवसर पर शैक्षणिक तथा सह-पाठ्यक्रम आधारित गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। खेलकूद में विशिष्ट प्रदर्शन करने पर 'अल्फा हाउस' को 'रोलिंग ट्रॉफी' तथा 'सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए 'गामा हाउस' को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व श्रीलेखा वी.एम. ने विद्यार्थियों के अथक प्रयास द्वारा हृदयांगम प्रस्तुति की तहेदिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम को सार्थक बनाने हेतु अतिथिगण, अभिभावकगण को धन्यवाद प्रदान किया। शिक्षकों के संगठित प्रयास तथा विद्यार्थियों को प्रदान किए गए मार्गदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और राष्ट्रगान की स्वर लहरियों के साथ अविस्मरणीय एवं भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का समापन किया गया।

# D.A.V. School sector 37 Organized Book Week Celebration

**Faridabad/Alive News:**

D.A.V. Public School, Sector 37, Faridabad organized a Book Week from 21 November to 28 November 2022, with an objective to inculcate the joy for reading among the students. The event was inaugurated by the dynamic Principal of the school, Deepti Jagota, who emphasized the significance of books in a student's life and urged them to explore these treasure troves of deep knowledge. The entire school was abuzz with enthusiasm as the students were engaged in myriad activities such as Designing Book Covers and Book Marks, Poster Making, Story Writing, On-the-Spot Writing Competition, Character Enactment from stories, Encyclopedia- Cover Page Designing. The week-long celebration witnessed many literary activities as well, as students of Class I and their enthusiastic mothers enthralled everyone with their story recitals in the Story Telling Session. An engaging Story-Telling Session by Nupur Awasthi Gaur, Indu Punj, Kuldeep Singh. A Book Fair was also organized in the school precincts which was appreciated and enjoyed by



one and all. Passionate young children, beaming with joy, browsed the vast array of books belonging to various genres that were on display. The week-long extravaganza, full of fun and learning came to a close with a special assembly based on the theme 'Importance of Books', in which the winners of the various competitions were awarded.

# मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर और महिला विरुद्ध अपराध के प्रति किया जागरूक

**Faridabad/Alive News:**



महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने सेक्टर 17 स्थित मॉडर्न स्कूल में छात्रों को लॉ की बारे में विस्तृत जानकारी प्रधान करते हुए कानून के बारे में जागरूक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्र इस देश की नींव है जो आगे चलकर देश का भविष्य लिखेंगे। इसलिए उन्हें हमारे देश के संविधान और कानून के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है। पुलिस की विभिन्न टीमें स्कूल कॉलेज में जाकर छात्रों को कानून तथा सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रही है। इसी क्रम में महिला थाना सेंट्रल की टीम सेक्टर 17 स्थित मॉडर्न स्कूल में पहुंची जहां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने विद्यालय में छात्रों को कानून के विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी। यह जागरूकता अभियान पुलिस की पाठशाला अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। छात्रों को साइबर अपराध कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आजकल डिजिटल युग में साइबर अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और साइबर ठग आमजन को झांसे में लेकर उनके मेहनत की कमाई को अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं।

इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्रों को महिला विरुद्ध अपराध, बाल अपराध तथा जघन्य अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय दंड संहिता में जघन्य अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान है जिसके तहत इस प्रकार के अपराध करने वाले अपराधी को फांसी तक की सजा दी जा सकती है।

# J.C Bose organized an Educational Trip for students

**Faridabad/Alive News:**



J.C. Bose University's Department of Communication and Media Technology organized an educational trip for the students of Animation and Multimedia to the National Gallery of Modern Art (NGMA). Students were blown away by the magnificent artwork of the artists. Artists like "Amrita Shergill" who once said, "She can't draw anywhere but only in India". Her artwork is mostly dedicated to the very inspiring and encouraging women of India. In one of her art pieces, she demonstrates the feeling of a little who is getting married by a blank expression of the girl who is laid on charpai. The students there got to explore other famous artists such as 'Nandalal Bose', famous for his artworks which reflect the Indian culture; 'Rabindranath Tagore' and his nephew, 'Gaganendranath Tagores' artwork seemed to be mysterious to the students since the depth in their artwork is majestic; and 'Nicholas Roerich', known for his detailed artwork which can even hypnotize you and make it look real.

The students were awestruck after exploring the world of art. Also, many of the artworks left them thinking and understanding the concept since few of them brain twisting.

The students got to delve into the arts as it was a new perspective & Vision of an individual expressed through the beautiful artistry of pencil and colours. After every step, they made in the Gallery.

The trip was organized by the Department of Communication and Media Technology (CMT) and executed under the supervision of the Chairperson of the CMT Department, Dr. Pawan Singh Malik.

# वर्ल्ड एड्स डे पर बी.के अस्पताल में किया लोगों को जागरूक




**Faridabad/Alive News:**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा-निर्देश पर और सीजेएम कम डीएलएसए सचिव सुकीर्ति गोयल के मार्ग दर्शन में पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल, संजय गुप्ता ने जिला सिविल सर्जन डाक्टर विनय गुप्ता की अध्यक्षता में वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमो में मुख्य आयोजन बीके अस्पताल जिसमें डॉ. विनय गुप्ता सिविल सर्जन, डॉ. शीला भगत उप सिविल सर्जन ने मुख्य अतिथि के रूप में जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत कर लोगों को वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई गई। न्यायाधीश सुकीर्ति सीजीएम डीएलएसए के निर्देशानुसार पूरे दिसंबर माह में यह प्रोग्राम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से सुशील कुमार, रोहतास कुमार, संजीव कुमार, हितेश, सोनीका, रुचिका, कमलेश, कृष्ण कुमार उपस्थित हुए।

# उपायुक्त ने निर्माणाधीन मंझावली पुल का निरीक्षण किया

**Faridabad/Alive News:**

उपायुक्त विक्रम सिंह ने वीरवार को ग्रेटर नोएडा से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी की निर्माणाधीन कड़ी मंझावली पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयार हो रहे मंझावली पुल के कुछ अहम बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल बनने के बाद बरसात होने पर पुल पर पानी ना खड़ा हो। पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन पुल की गुणवत्ता में कोई कमी न हो और पुल का निर्माण सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार तेज़ी से पूरा किया जाए। वर्तमान स्थिति में पुल के ऊपर रेलिंग बनाने का कार्य प्रगति पर है और पुल के दोनों ओर अप्रोच सड़क



बनाने का काम शेष है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उपायुक्त विक्रम सिंह को बताया कि पुल के दोनों ओर अप्रोच रोड बनाने का काम अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही डीसी विक्रम सिंह ने मंझावली पुल से खेड़ी पुल को कनेक्ट करने वाले मास्टर रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह मास्टर रोड चार लेन की बनाए जाना प्रस्तावित है। पुल निरीक्षण के दौरान एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रदीप सिन्धु, एसडीओ प्रकाश लाल, जेई सिद्धार्थ ओर अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Water supply will be increased in Dabua, Jawahar Colony and Village Nangla: Sudhir Rajpal

**Faridabad/Alive News:**

Metropolitan Development Authority CEO Sudhir Rajpal on Wednesday evening chaired the 22nd Core Planning Cell meeting of the authority today. Present were senior officers of FMDA. Various infrastructure projects were discussed and directives for implementation were issued by Sudhir Rajpal.

**Water Supply**

The infra 2 division submitted that the 20-lakh liter underground tank at Surya Devta Booster in Dabua Colony is currently not having any water supply. The water supply line no. 4 of FMDA can be connected to the boosting station to enhance supply of water to Dabua Colony. CEO FMDA directed that a letter to the Municipal Corporation of Faridabad be written to provide electricity connection at the boosting station and install the required pumping machinery to ensure that the capacity of providing additional quantum of water is done for the benefit of the residents.

"We are working towards improving and augmenting water supply for the people of Faridabad. In this regard, laying of water supply



pipelines, upgradation of boosting stations, making tubewells operational and other key steps are being taken to ensure that adequate water supply is made available keeping the future consumption levels in consideration," said Sudhir Rajpal.

Additionally, the need for construction of a booster on the government land in Village Nangla, Gazipur was also raised where in there is a requirement of an underground tank. Sudhir Rajpal outlined that MCF can give the requisite land to FMDA who can take up the construction of the UGT and connect it to the existing FMDA water supply pipe line network.

CEO FMDA also directed the officers to raise the issue of lack of water supply to Jawahar Colony from Parshuram Booster Station, to the Deputy Commissioner Faridabad. Currently 10 lakh liter and 3 lakh liter water tanks are present at the boosting station along with adequate motor pumps and water supply from line no 3 and 6 of FMDA. But the water supply is not running at full capacity due to non-operation of boosting station properly. Rajpal directed that 3 Jal Mitras be appointed to monitor the working at the boosting station and DC Faridabad may look into the issue to ensure sufficient water supply to 1.5 lakh residents of Jawahar Colony.

The matter of laying the 900 mm dia water supply pipelines on Bypass road at sector 9 junction and from Sector 29 Chowk up to NHPC Chowk were also discussed. CEO FMDA directed to expedite the work which is to be undertaken by FMDA and NHAI for this project and to start the tendering process at the earliest.

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# एसवाईएल मुद्दे पर सरकार कर रही बातचीत-सीएम

**Chandigarh/Alive News**

पंजाब दौरे पर पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) पर कहा कि कुछ बातों पर अभी बातचीत चल रही है। इसके बाद भी यदि कोई हल नहीं निकलता है तो सर्वोच्च न्यायालय है ना। उन्होंने कहा कि अदालत का जो भी निर्णय होगा हरियाणा उसे मानेगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संबंध में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिखों के मामले में दखल नहीं देती। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल श्री हरिमंदिर साहिब पहुंच कर गुरु घर में माथा टेका। उन्होंने कहा कि वर्षों से तमन्ना थी कि यहां नमन कर सर्व साधारण के लिए अरदास करूं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सीएम के पंजाब दौरे के बीच तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार चंडीगढ़ को तुरंत पंजाब को सौंपे। उन्होंने भगवंत मान से चंडीगढ़ के मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने की अपील की, क्योंकि यह अपने गठन के समय से ही पंजाब का अभिन्न अंग रहा है।

# सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन



**Faridabad/Alive News**

व्यापार मंडल फरीदाबाद एवं मेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर एनआईटी-1 मार्केट मे मंदिर के मुख्य संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया के सहयोग से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर, ईसीजी, मैमोग्राफी, पीएफटी, डेंटल स्क्रीनिंग,कारडियोलाजी एवं गायनोकोलॉजिस्ट जैसी जांच का कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में डॉ एस. के.तनेजा,डॉ अनु यादव,फिजीशियन डॉ शोनल, डॉ अयूब एवं मार्केटिंग टीम उपस्थित रही। इस अवसर को सफल बनाने के लिए मंदिर संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया द्वारा उपस्थित डॉक्टरों एवं टीम के लिए आभार प्रकट किया

# जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने किया सामूहिक श्लोक उच्चारण



**Faridabad/Alive News**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में रंगोली सजाई और सामूहिक श्लोक उच्चारण किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय की बालिकाओं ने संस्कृत अध्यापक धर्मपाल के साथ सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के शलोकों का उच्चारण किया। इस से पूर्व विद्यालय की प्राध्यापिका गीता ने जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी के आदेशानुसार कन्वेंशन हाल फरीदाबाद में रंगोली सजाई और विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने रंगोली बनाने में सहयोग किया।

# रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबन्ध



**Faridabad/Alive News**

देर रात तक डीजे व लाउडस्पीकर बजाने से स्टूडेंट बीमार व्यक्ति और आने जाने वालों की परेशानी को देखते हुए सभी थाना और चौकियों प्रभारियों को रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात्रि के समय डीजे से स्टूडेंट व आने जाने वाले लोगों की परेशानी को देखते हुए रात्रि के समय डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी वाटिका मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी वाटिका और बैंकट हॉल उचित पार्किंग का प्रबंध करें। वाहनों की सुरक्षा के लिए गार्ड और सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। पुलिस टीम द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेश पर यातायात को प्रभावित करने वाले व्हीकल जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर साइड में खड़े रहते हैं। जिनके कारण यातायात प्रभावित होता है और एक्सीडेंट होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे लोगों पर मुकदमा दर्ज कर चालान किया जाएगा।

# वॉइस ऑफ इंडियन पुलिस के सहयोग से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा वॉइस ऑफ इंडियन पुलिस संगठन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस बाल भवन में मनाया गया। जिसमें बाल भवन में चलाई जा रही दिव्यांग कक्षा व प्ले स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामवीर सिंह एसएचओ थाना कोतवाली फरीदाबाद व विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त एसएचओ थाना कोतवाली ईश्वर सिंह तथा चौकी इंचार्ज एनआईटी 2 चेतन शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में मूक बधिर बच्चों ने बेहद खूबसूरत नृत्य का प्रदर्शन किया और सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि रामवीर सिंह ने बच्चों के कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा की और बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए अभिभावकों को अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों को अभिभावको द्वारा कभी अकेला ना छोड़ा जाना चाहिए, उनके साथ जुड़े रहे। जिससे उनमे पनपने वाली असहाय की भावना को रोका जा सके।

# स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता को सार्थक करें जूनियर रैड क्रॉस

**Faridabad/Alive News**



भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सचिव बिजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श सीनियर सेकंडरी विद्यालय सराय ख्वाजा में पाँच दिवसीय जिला जूनियर रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोत और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा उपस्थित रहे। कैंप डायरेक्टर इशांक कौशिक ने कैंप रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी सदस्य वालंटियर्स से रेडक्रॉस के कार्यों में आगे बढ़कर सहयोग करने की अपील की। सचिव बिजेंद्र सिंह ने सभी से रेडक्रॉस के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए रक्तदान, ट्रैफिक रूल्स, आपदा प्रबंधन सहित नशा मुक्ति आदि के कार्यों में जुड़ने का आह्वान किया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस प्रारंभ से ही सात उद्देश्य मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा एवम सार्वभौमिकता के रथ के रूप में सेवा कार्यों में तत्पर है। प्राथमिक तौर पर यह संस्था युद्ध, अकाल, बाढ़ आदि आपदाओं में घिरे लोगों की सहायता करना, आवश्यकता में पड़े व्यक्तियों को खाना पहुँचाना,

विपरीत परिस्थियों में लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क रहने की व्यवस्था करना, सरकार की सहायता कर रेस्क्यू अभियान चलाना, मानवीय कारणों के सिद्धांतों और आदर्शों का प्रचार प्रसार करना आदि में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

आज शिविर के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, पेंटिंग और भाषण में विजेता सराय ख्वाजा जूनियर रेडक्रॉस के सदस्यों और काउंसलर प्राध्यापिका गीता और रणदीप सिंह को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथि बिजेंद्र सिंह और रविंद्र कुमार मनचंदा ने सेक्टर 21 डी, गर्ल्स स्कूल बल्लभगढ़ और सेक्टर 22 सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रोत्साहित किया। कैंप डायरेक्टर इशांक कौशिक और पुरुषोत्तम को भी सफल आयोजन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर के समापन पर पी सी गौड़, गीता उत्प्रेती, अरविंद शर्मा तथा रेडक्रॉस के अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में विधायक ने मुख्यमंत्री को घेरा



**Faridabad/Alive News**

ब्राह्मण समाज द्वारा बल्लभगढ़ स्तिथ ब्राह्मण भवन अनाजमंडी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को घेरते हुए कहा कि जिस प्रदेश में सरकार के द्वारा प्रश्न पत्रो में ब्राह्मणो की तुलना मनूस से करना, परशुराम भगवान के फरसे से एक ब्राह्मण की गला काटने की बात करना ब्राह्मणो का अपमान है। इस प्रकार के शब्द सरकार के ब्राह्मणा विरोधी चेहरे को दिखाता है। सरकार द्वारा ब्राह्मणो का समय समय पर अपमान किया जाता है। उसका भी सरकार से जवाब लेना चाहिए। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जिस समाज का मान सम्मान ना हो वह समाज अंदर से खोखला हो जाता है। विधायक नीरज शर्मा ने अपील की है कि जो भी साथी करनाल में होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ में जाए इन मांगों को जरूर रखे चाहे वह ढोलीदार की जमीन का मामला हो, चाहे ईबीपीजी के तहत अभी तक बच्चो को ज्वाईग ना देने की बात हो।

# 23 व 24 दिसम्बर को गुर्जर महोत्सव का होगा आयोजन

**Faridabad/Alive News**




आगामी 23 व 24 दिसम्बर को बाबा फरीद की नगरी फरीदाबाद की धरती पर स्थित सूरजकुण्ड मेला स्थल पर देशभर से गुर्जर समाज के लोग गुर्जर महोत्सव में भाग लेगें। गुर्जर आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट के चेयरमैन दिवाकर बिधूड़ी ने कहा कि गुर्जर सांस्कृतिक विभिन्न आयामों को विस्तार से देखने का मौका इस गुर्जर महोत्सव के दौरान मिलेगा। कश्मीर से कर्नाटक तक समस्त गुर्जर समाज के लोक गीत, लोक नृत्य, रहन-सहन, खान-पान, परिधान व आभूषणों से भी परिचित होने का गुर्जर समाज के लोगों को मौका मिलेगा। दिवाकर बिधूड़ी ने बताया कि देश के 13 राज्यों के कुल 18 करोड़ गुर्जर समाज के लोग निवास करते है। इन सभी लोगों को गुर्जर समाज की प्रादेशिक इकाई निमंत्रण देकर के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रही है। समाजसेवी राम बसौया ने बताया कि गुर्जर महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर 23 दिसम्बर को करेंगे तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर 24 दिसम्बर को समापन अवसर पर उपस्थित रहेगें। वहीं महोत्सव कार्यक्रम गुर्जर मातृ शक्ति की अगुवाई की किया जाएगा। इस मौके पर ज्ञानचंद भड़ाना, रामफूल भाटी, तिलकराज बैंसला, हंसराज कपासिया, एडवोकेट राजेश खटाना, राम बसौया, ओमप्रकाश बैंसला, निरंजन नागर, हवा सिंह छौकर, जतिन खटाना, रणवीर चौहान, शिक्षाविद् ममता भड़ाना, नीतू श्यामदेव भड़ाना, सीमा चौधरी, रेखा गुर्जर, ऋतु कपासिया, सुनीता खटाना, विनित रानी सहित गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने गीता शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**Faridabad/Alive News**



विधायक राजेश नागर ने सैक्टर -17 मार्किट से गीता जयंती समारोह की शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने एक एक करके सभी झाकियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि हर झाली में गीता ग्रन्थ के समरसता का सन्देश समाज को मिल रहा है।

जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की शोभा यात्रा के लिए गीता मन्दिर सैक्टर -15, सनातन धर्म मन्दिर सभा सैक्टर- ए नहर कालोनी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर -3 सीही मोड़, लक्ष्मी नारायण मन्दिर सैक्टर -16, शिक्षा विभाग, गोपाल गौशाला विश्व हिन्दू परिषद, हनुमान मन्दिर जैड पार्क सैक्टर -16, आशा राम बापू संस्थाओं द्वारा भव्य झांकियों बनाई गई थी। भव्य झांकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा सेक्टर -17 से शुरू होकर मार्केट से पुराना एसपी कार्यालय रोड़, सैक्टर-16 होती हुई सैक्टर-15 मार्केट, सैक्टर -15 गीता मन्दिर रोड़, रैड लाइट से सैक्टर-12 खेल परिसर रोड़ होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 पहुंची।

शहर के लगभग हजारों लोगो को उनके प्रतिष्ठानों, घरों और कोठियों के सामने गीता जयंती महोत्सव की भव्य शोभा यात्रा के दौरान साक्षात दर्शन लोगों को हुए। जगह जगह गीता जयंती शोभा यात्रा में शामिल प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान पूर्वक गर्मजोशी से स्वागत कर जलपान भी करवाया गया।

# मोबाइल टॉवर पर छह घंटे चढ़ा रहा शख्स, प्रशासन की फूली सांस

**Faridabad/Alive News**



अपने पैरो का इलाज कराने की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के मेला ग्राउंड में खड़े बीएसएनएल के टॉवर पर एक व्यक्ति चढ़ गया। व्यक्ति के टॉवर पर चढ़ने की सूचना दोपहर करीब 12 बजे प्रशासन को मिली। व्यक्ति के टॉवर पर चढ़ने के कारण प्रशासन की सांसे फूल गई। व्यक्ति की पहचान राकेश निवासी क्योड़क के रूप में हुई। सूचना मिलते ही थाना कृष्णा गेट के प्रभारी दिनेश राणा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंची। मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। 6 घंटे 20 मिनट बाद करीब 3 बजकर 20 मिनट पर व्यक्ति नीचे उतरा गया। यह व्यक्ति इससे पहले भी अप्रैल माह में सेक्टर 13 में बीएसएनएल एक्सचेंज के टॉवर पर भी चढ़ चुका है।

मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति को उतारने के लिए अस्थाई टॉवर के नीचे प्रशासन द्वारा गद्दे बिछाए गए। व्यक्ति को समझाने के लिए प्रशासन ने एक कर्मचारी को टॉवर के उपर भेजा। कर्मचारी के समझाने पर टॉवर पर चढ़ा व्यक्ति राकेश नीचे आ गया। मौके पर मौजूद महिला रानी ने बताया कि इससे पहले भी राकेश पिपली रोड पर बीएसएनएल एक्सचेंज के टॉवर पर चढ़ा था। टॉवर से नीचे उतरते समय उसके पैर में चोट लग गई थी। पैर पर चोट लगने के बाद उसका कही जगह इलाज किया गया लेकिन राकेश को आराम नहीं आया। अपना इलाज करवाने की मांग को लेकर राकेश शनिवार को सुबह करीब 9 बजे अस्थाई टॉवर पर चढ़ गया।

महिला रानी ने राकेश की बात थाना कृष्णा गेट के एसएचओ दिनेश राणा से करवाई। एसएचओ दिनेश राणा ने मोबाइल पर राकेश को आश्वासन दिया कि वह नीचे आ जाए, उसका बेहतर अस्पताल में इलाज करवाया जाएगा। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजकर 20 मिनट पर राकेश को नीचे उतारा गया। नीचे उतरने पर पुलिस राकेश को एंबुलेंस में बैठाकर स्वास्थ्य चेकअप के लिए अस्पताल ले गई।

# गीता थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ अयोजन



**Faridabad/Alive News**

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में गीता की थीम पर बच्चों के ज्ञान, बुध्दि और विवेक को बढ़ावा देने के लिए पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने विचारों से चित्रकला के माध्यम से गीता पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में प्रथम बैच में 6से 8वी कक्षा में प्रथम राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैक्टर 8 के सोनम पहले, आईडल पब्लिक स्कूल के स्वीटी सिंह दूसरे, डीएवी सैक्टर-14 की बबली तीसरे स्थान पर रही, जबकि इसी स्कूल की नीमी भारती ने सांत्वना पुरस्कार जीता। दूसरे बैच के 9वी से 12वी कक्षाओं में प्रथम स्थान पर डीएवी सैक्टर -14 की डिया यादव, द्वितीय स्थान पर राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एन आईटी -3 के चन्दन, तृतीय स्थान डीएवी सैक्टर -14 कीर शीतल अरोड़ा रही। जबकि सांत्वना पुरस्कार राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड फरीदाबाद लाडली ने जीता।

# हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम युवक से कराई शादी, नोटरी, गवाह और काजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**Faridabad/Alive News**



एसजीएम नगर हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम युवक से शादी कराने का मामला सामने आया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके पूरे परिवार सहित धर्म परिवर्तन कराने के लिए एफिडेविट बनाने वाले नोटरी, गवाह, निकाह कराने वाले काजी पर केस दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता धीरज शुक्ला ने पुलिस को बताया वह परिवार के साथ एसजीएम नगर में रहते हैं। उनकी बड़ी बेटी संस्कृति निजी बैंक में काम करती है। आरोप है एसजीएम नगर निवासी जावेद ने उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। पिछले साल जावेद के परिजन शादी का प्रस्ताव लेकर उनके घर आए थे, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया। वहीं 28 अक्टूबर 2022 को धीरज शुक्ला के पास कोर्ट का नोटिस आया कि उनकी बेटी ने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

जांच करने पर पता लगा कि बेटी ने धर्म परिवर्तन कर जावेद से निकाह कर लिया है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि बेटी संस्कृति का हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निवारण अधिनियम 2022 के अनुसार धर्म परिवर्तन नहीं हुआ है। नियमानुसार निकाह अमान्य है। पुलिस ने जावेद खान, फिरोज खान, लियाकत अली, मां पायल, गवाह इरशाद, काजी मोहम्मद अब्दुल सजान व नोटरी करने वाले ईश्वर प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस नेताओं ने 'भारत जोड़ो' यात्रा के मार्ग का किया निरीक्षण

**Faridabad/Alive News**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज भारत जोड़ो यात्रा के पूरे रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने हरियाणा में यात्रा के प्रवेश स्थल हरियाणा-राजस्थान बार्डर से लेकर हरियाणा-दिल्ली बार्डर तक के पूरे मार्ग को बारीकी से देखा जहां हरियाणा में यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा, जिसमें भारत यात्रियों के ठहरने, भोजन आदि से संबंधित तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी ली, साथ ही स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश भी दिये।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश भर में इस यात्रा के प्रति भारी उत्साह है और राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे सभी भारत यात्रियों का हरियाणा में आने पर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस संबंध में चंडीगढ़ में आगामी 7 तारीख को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े तमाम प्रबंधन को अंतिम रूप दे दिया जायेगा और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय कर दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में यात्रा को सफल बनाने के लिये कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, भारत जोड़ो यात्रा के हरियाणा प्रभारी विधायक राव दान सिंह, विधायक मामन खान, विधायक मोहम्मद इलियास प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी ने 21 दिसंबर को राजस्थान से हरियाणा में प्रवेश करने वाले यात्रा पॉइंट फिरोजपुर झिरका से सोहना और फरीदाबाद के आखिरी पॉइंट तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और विश्राम स्थल, प्रस्तावित



जनसभा स्थलों की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया 21 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में फिरोजपुर झिरका से प्रवेश करेगी और गांव आकेड़ा में रुकेगी। अगले दिन 22 दिसंबर को सोहना के लाखुवास में ठहराव व सोहना (गुरुग्राम) में बड़ी जनसभा होगी। 23 दिसंबर को फरीदाबाद के बड़खल चौक पर विशाल जनसभा का आयोजन होगा।

## मानव रचना शिक्षण संस्थान पर ईडी की रेड, फरीदाबाद सहित एनसीआर के सभी ठिकानों पर छापा




**Faridabad/Alive News**

शुक्रवार के दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मानव रचना शिक्षण संस्थान, स्कूल, ऑफिस और उनके मालिकों के घर पर छापेमारी की कार्रवाई की। ईडी ने पूरे दिन शिक्षण संस्थान परिसर में और उनके कार्यालयों की फाइलों को खंगाला। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दिल्ली-एनसीआर में मानव रचना शिक्षण संस्थान के सभी कार्यालय और मालिकों के घर पर छापेमारी की और सभी दस्तावेज इकट्ठे किये। खबर लिखे जाने तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मानव रचना कैंपस में कारवाई में लगी हुई थी। प्रवर्तन निदेशालय की टीम में शामिल अधिकारियों ने सभी जगहों पर पहुंचने के साथ ही वहां लोगों के मोबाइल कब्जे में ले लिए और बाहर निकलने पर रोक लगा दी। ईडी की कारवाई शाम तक जारी रही। हालांकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी से सम्बन्धित कार्यवाही को लेकर हमारे संवाददाता ने मानव रचना शिक्षण संस्थान के चेयरमैन और पीआरओ से मोबाइल से बात करने को कोशिश की लेकिन संस्थान की ओर से किसी ने भी कॉल रिसीव नही की। बता दें, कि 4 माह पहले ही आयकर विभाग ने ऐसी ही कार्यवाही फरीदाबाद के चार नामी अस्पतालों पर भी की थी। आयकर विभाग ने अघोषित संपत्ति का पता लगाने के लिए फरीदाबाद सहित एनसीआर में स्थित सर्वोदय, एसएसबी, मेट्रो और अकॉर्ड अस्पताल के विभिन्न ब्रांच के साथ इन अस्पतालों के मालिक के घर पर भी छापेमारी की थी।

## बगैर सिलेबस पूरा कराएं शिक्षा विभाग ले रहा विद्यार्थियों की मूल्यांकन परीक्षा, विद्यार्थी परेशान

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा शिक्षा विभाग ने बगैर सिलेबस पूरा कराए स्कूलों में विद्यार्थियों की मूल्यांकन परीक्षा लेनी शुरू कर दी है। इस परीक्षा में मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूल के करीब 60 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल है। यह परीक्षा आज यानी 2 दिसंबर तक ही जारी रहेगी।

**इन कारणों से पढ़ाई रही प्रभावित**

वहीं परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षा विभाग ने पहले स्कूलों में ट्रांसफर ड्राइव लागू कर शिक्षकों का तबादला कर दिया। जिसके कारण कई स्कूलों में एक भी अध्यापक नहीं बचे और स्कूलों पर ताला लटक गया। सरकार ने स्कूलों में अध्यापकों की कमी को दूर करने की बजाय अगले ही पल पंचायत चुनाव की घोषणा कर दी, जिसके कारण स्कूल के बचे कुछ शिक्षक भी चुनावी ड्यूटी में उलझ कर रह गए और स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई। अब शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की मूल्यांकन परीक्षा ले रहा है। जिस का सिलेबस तक पूरा नहीं करवाया गया है। छात्र अमित के अनुसार कुछ विषय ऐसे हैं। जिनकी वह दिन में 2 बार परीक्षा दे रहे हैं। ऐसे में परीक्षा की तैयारियों को लेकर वह काफी दबाव में भी हैं। कक्षा छठी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षा सुबह और फिर आधी छुट्टी के बाद ली जाती है।

# आठ माह का बनवास काट निगम सभागार लौटे दान में मिले टैक्टर

**Faridabad/Alive News**



पूर्व निगम कमिश्नर यशपाल यादव के आग्रह पर इंडियन ऑयल ने सीएसआर के तहत नगर निगम को कुछ माह पहले ही दान में कई टैक्टर दिए थे। लेकिन यह टैक्टर भी निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के भेंट चढ़ गए। दान में मिले टैक्टर की हिफाजत करने की बजाए अधिकारियों ने उन्हें भी जिले की समस्याओं की तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया। जिसका खामियाजा आर्थिक तंगी से जूझ रहे नगर निगम को भुगतना पड़ रहा है।

वहीं, इन सब के बीच हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ करके बिना किसी शर्त के नगर निगम के टैक्टरो को इकोग्रीन कंपनी के वेंडरों को सौंप दिया था। इस मामले की शिकायत जब विजिलेंस के पास पहुंची और विजिलेंस ने निगम अधिकारियों के खिलाफ उसकी जांच शुरू तो अधिकारियों ने खुद को बचाने के लिए इको ग्रीन कंपनी से ट्रैक्टरों को वापस मंगाकर निगम सभागार के सामने खड़ा दिया है।

दरअसल, इको ग्रीन कंपनी के वेंडरों द्वारा वापस लौटा दिए गए है, लेकिन नए टैक्टर खस्ताहाल हो चुके है। अधिकांश ट्रैक्टरों की लाइट टूटी हुई है, कई के बोनट को रस्सियों से बांधकर चलाया जा रहा है। आठ महीने में ही वेंडरों ने नए ट्रैक्टरों को कबाड़ बना दिया है।

बता दें, कि कूड़ा उठाने के लिए इंडियन ऑयल ने नगर निगम को छोटे बड़े 50 ट्रैक्टर दिए गए थे। इनमें से 25 छोटे ट्रैक्टरों को नगर निगम में स्वच्छता अभियान का काम देख रहे है। जबकि अधिकारियों ने अन्य ट्रैक्टरों को बिना किसी सेवा शर्त और रजिस्ट्रेशन कराए ही उन ट्रैक्टरों को ईकोग्रीन कंपनी के वेंडरों को दे दिया। वेंडरों ने आठ महीने में ही ट्रैक्टरों की हालत खराब कर दी। निगम सभागार के पीछे खड़े 25 ट्रैक्टरों में से अधिकांश की हालत खराब हो चुकी है।

संबंधित मामले को लेकर नगर निगम व्हीकल एक्सईएन नितिन कादयान का कहना है कि वापस किए गए ट्रैक्टरों की जांच की जाएगी। जो भी खराबी होगी उसकी वसूली संबंधित कंपनी से ही की जाएगी।

## ब्राह्मण महाकुंभ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 21 टीमों का किया गठन



**Faridabad/Alive News**

करनाल में 11 दिसंबर को होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के सैक्टर- 81 ग्रेटर फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने की। इस क्रम में फरीदाबाद के अलावा आसपास के जिले से आएं हुए सम्मनित ब्राह्मणों को पटका एवं शॉल देकर सम्मान किया गया। इस क्रम में पं सुरेंद्र शर्मा बबली ने जानकारी देते हुए बताया करनाल मे होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन मे मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री हरियाणा मुख्य अतिथि होगें। जिसमें समाज के विभिन्न ज्लवंत मुद्दों को रखा जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम में समाज के हित में बहुत सी घोषणाएं होने की संभावनाएं है। इस कार्यक्रम के लिए बनाई गई समन्वय समिति पूरे राज्य का दौरा कर रही सम्मेलन मे सभी सादर आमंत्रित किया गया है। सुरेंद्र बबली ने सभी सभा के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने व्यस्त समय से समय निकाल कर अवश्य ही करनाल पहुंचे अगर किसी समाज के व्यक्ति पर साधन नहीं बन पा रहा है तो समय रहते वह उनके कार्यालय पर फोन नंबर सहित सम्पर्क कर सकता है, क्योंकि करनाल आवागमन के लिए सभा के वरिष्ठ लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अगल-अलग 21 टीमों का गठन किया गया है। ताकि किसी प्रकार को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## डिफाल्टर उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर, 31 दिसंबर उठा सकते हैं सरचार्ज माफी योजना का लाभ

**Faridabad/Alive News**




बिजली निगम के करीब 1.23 लाख डिफाल्टर उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। निगम ने सरचार्ज माफी योजना को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। अब उपभोक्ता इस योजना का लाभ 31 दिसंबर 2022 तक ले सकते हैं। योजना का लाभ नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन अभियान के तहत काटे जाएंगे।

फरीदाबाद में लगभग साढ़े 6 लाख उपभोक्ता हैं। जिनमें से 1.23 लाख डिफाल्टर घोषित हो चुके हैं। शहरी, घरेलू, इंडस्ट्री कृषि से जुड़े लोग डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर 672 करोड़ 93 लाख रूपये बकाया है। 3 महीने में केवल 750 लोगों ने योजना का लाभ उठाया है। इन लोगों से विभाग ने 3 करोड़ 16 लाख रूपये की रिकवरी की है। विभाग ने माफी योजना की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

**डिफाल्टर उपभोक्ताओं को मिला एक और मौका**

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता नरेश कक्कड़ ने बताया कि जिले के करीब एक लाख डिफाल्टर उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक बिल का भुगतान करने का मौका दिया गया है। योजना का लाभ नहीं उठाने वालों के कनेक्शन काटे जाएंगे। फिलहाल लोगों को योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है जिससे वह समय पर बिल तथा किस्तों का भुगतान कर सके।

## अरावली को हरा भरा रखने और जलभराव से निजात पाने के लिए केंद्र और हरियाणा के बीच हुई बैठक

**Chandigarh/Alive News**


हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच दिल्ली के हरियाणा भवन में हुई बैठक में अरावली को हरा भरा बनाने, नजफगढ़ ड्रेन के साथ गुरुग्राम जिला में हो रहे जलभराव की समस्या से किसानों को निजात दिलाने तथा गुरुग्राम व नूह जिलों में बड़ी जंगल सफारी विकसित करने के विषयों पर बातचीत हुई। बैठक के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि अरावली और पर्यावरण को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नजफगढ़ ड्रेन के साथ होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि इस



विषय पर हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार को साथ लेकर जलशक्ति मंत्रालय को शामिल करते हुए एक कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी की देखरेख में नजफगढ़ ड्रेन में पानी का प्रवाह ठीक करने के लिए उसकी सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों को जलभराव से निजात दिलाई जाए और नजफगढ़ ड्रेन में जल प्रवाह का रास्ता इस प्रकार से हो कि हरियाणा और दिल्ली देहात के गांवों के रकबे में जलभराव ना हो।

एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा के गुरुग्राम तथा नूह जिलों में बड़ी सफारी बनाने का काम हो रहा है। सफारी बनाने की प्लान स्वीकृत हो गई है, अब केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद उस पर कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन अर्थात क्षतिपूर्ति पौधारोपण का पैसा आएगा। उसकी जमीन की किस्म दर्ज करने, उसका एकत्रीकरण करना आदि ऐसे सारे विषयों की तथ्यात्मक जानकारी के बारे में आज की बैठक में चर्चा हुई है।




Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448